**खबर संक्षेप**

### बेटियों के पिटाई के बाद मां ने पिया जहर, एक बेटी की मौत

**छिन्दवाड़ा।** लालबाग इलाके की दो मासूम बेटियों की मां ने बेरहमी से पिटाई की। इसके बाद खुद पी फिनाइल पी लिया। पिटाई के बाद छोटी बेटी नम्रता लगभग तीन वर्ष की मौत हो गई, वहीं बेटी अमृता और निशा साहू 32 वर्ष गंभीर हालत में भर्ती है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक पति सुमित साहू जब घर लौटे तो उन्होंने दरवाजा बंद पाया। दरवाजा तोड़ने के बाद दोनों बेटियां और पत्नी बेहोश मिली। पड़ोसियों की मदद से तीनों को ही गंभीर अवस्था में चिकित्सालय डॉक्टरों ले जाया गया जहां डॉक्टर ने छोटी बेटी को मृत घोषित कर दिया। कोतवाली पुलिस घटनास्थल पर जांच कर रही है।

## सड़क निर्माण में दर्जनों हरे-भरे काटे गए पेड़ों का नहीं है कहीं हिसाब

# जुन्नारदेव मार्ग पर लगे बोर्ड में घोड़ाडोंगरी के नाम एवं दूरी के उल्लेख से हो रहे हैं लोग भ्रमित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया







मध्य प्रदेश सड़क परिवहन विभाग के माध्यम से ठेकेदार द्वारा तामिया से जुन्नारदेव 28 किलोमीटर सड़क निर्माण किया गया है जिसमें कंस्ट्रक्शन कंपनी कौन है। इसका उल्लेख तामिया से शुरू होने वाली सड़क पर होना था, लेकिन नहीं हो पाया इसके लिए पूर्ण रूप से मध्य प्रदेश सड़क परिवहन विभाग के अधिकारीयों को क्यों जिम्मेदार ना ठहराया जाए। इस सड़क में कई भी विसंगतिया भी रहीं है। तामिया तहसील की हद में सड़क के किनारे लगे दर्जनों हरे भरे वृक्षों को काटा तो गया। लेकिन इन झाडो की लकड़ी कहां गई यह किसी पता नहीं है, वहीं सड़क निर्माण में पुलिया, सीसी रोड में ठेका कंपनी द्वारा कंक्रीट कार्य में रेत की जगह क्रेशर डष्ट मिलाये जाने का आरोप ग्रामीण लग रहे हैं। इस तरह कंसलटेंसी की मौन सुकृति से सड़क निर्माण में अनियमितताएं भी देखने मिली, लेकिन सड़क कार्य पूर्ण होने के बाद तामिया में सड़क के शुरुआती हिस्से में गांव के नाम किलोमीटर दूरी के लिए साइन बोर्ड लगाया गया है जिसमें विसंगतियां देखने साफ मिल रही है कि इस बोर्ड पर घोड़ा डोंगरी का जो उल्लेख किया गया है। वह समझ से एकदम परे है, क्योंकि बोर्ड पर घोड़ाडोंगरी लिखा गया है, जो एकदम इस गांव के विपरीत नाम है जबकि अंग्रेजी में घोड़ाडोंगरी ठीक लिखा गया है। इसी तरह तामिया से जुन्नारदेव की दूरी छिंदवाड़ा मटकुली मार्ग पर 28 किलोमीटर दर्शीयी गई है। वहीं इसकी दूरी इस बोर्ड पर 26 किलोमीटर है। अब सवाल यह उठाता है कि इतना बड़ा विभाग अगर ऐसी गलती करे तो इसके अधिकारियों पर सवाल उठना एकदम लाजमी है। इस तरह विभाग के उपयंत्री एवं कंसल्टेंसी की घर बैठे दी जानकारी का नतीजा ही यह सूचना फलक है, जिस पर ना तो स्पष्ट ढंग से नाम लिखा गया है और ना ही जुन्नारदेव की दूरी का सही तरीके से दूरी लिखी गई है। इस तरह मध्य प्रदेश सड़क परिवहन के उपयंत्री की लापरवाही इस लगाए गए विसंगति पूर्ण बोर्ड पर साफ देखने मिल रही है, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि इतना बड़ा विभाग किस तरह से संपादित हो रहा है और उसके तकनीकी मार्गदर्शन देने वाले उप यंत्री एवं कंसलटेंसी किस तरह से अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसकी वानगी जुन्नारदेव मार्ग पर इस लगाए गए बोर्ड पर देखी जा सकती है।

**इनका कहना है**

जब इस सड़क निर्माण की देखरेख करने वाले उपयंत्री से चर्चा की गई तो वह अपनी गलती को टालते हुए नजर आये और बोर्ड सुधारने की बात कही।

आरके सोनी,
उप यंत्री मध्य प्रदेश सड़क परिवहन

# पुलिस ने किया अफीम सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

## 8 किलो 304 ग्राम अफीम की कीमत है लगभग 80 हजार, पुलिस किया जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ चौरई

जिला पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय एएसपी ए. पी सिंह द्वारा जिले भर मे अवैध मादक पदार्थो पर कार्यवाही हेतु लगातार निर्देशित किया जा रहा था जिस आदेश के परिपालन एवं निर्देशों क्रो गंभीरता से लेते हुए चौरई पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री सौरव तिवारी के मार्गदर्शन मे चौरई थाना प्रभारी श्री गणपत उइके ने अपने अधीन बल की एक टीम गठित की जो टीम ने वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशों क्रो अभियान के रूप मे लेकर मुखबिर तंत्र विकसित किया। थाना प्रभारी को अपने विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली की हिवरखेड़ी चौकी अंतर्गत ग्राम मानेगाव निवासी प्रीतम वर्मा पिता झीनो वर्मा के खेत मे अफीम की खेती की जा रही है प्राप्त मुखबिर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा कर एक टीम गठित कर ग्राम मानेगाव में प्रीतम वर्मा के खेत पर रेड कार्रवाई की गई .जहाँ अवैधानिक रूप से अफीम की खेती करना पाया गया।

पुलिस ने ( लगभग 8किलो 304 ग्राम ) अफीम अंदाजन कीमती 80000 मिला जिसे विधिवत जप्त कर आरोपी प्रीतम वर्मा को थाना लाया गया। जहाँ आरोपी प्रीतम पिता झीनो वर्मा के विरुद्ध अ क्र. 210/25धारा 8,18 (c)25 NDPS एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

गौरतलब हो कि 15दिनों के अंदर चौरई मे अफीम की खेती करने वाले के विरुद्ध यह दूसरा प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गईं है। धरपकड़ हेतु गठित टीम मे थाना प्रभारी चौरई गणपत उइके, एस आई रंजीत धुर्वे,ए एस आई हिरैशी नागेश्वर, शेख असगर असगर अली, आरक्षक क्रमशः राजकिशोर बघेल, सतीश बघेल, योगेश मालवी, झनक सनोडिया, दीनानाथ यादव की अहम भूमिका रही।

## वार्डों की गलियों में दौड़ रहे है रात दिन ट्रैक्टर

**सौंसर।** नगर के वार्डों में छोटी सड़कों से बड़े वाहनों के आवागमन के कारण अक्सर दुर्घटनाएं हो रही है। खास तौर पर इन दिनों नगर के वार्ड न 15 में बनी हुई छोटी सड़कों से ट्रैक्टरों की आवागमन के कारण वार्ड वासियों को भारी परेशानी हो रही है। बेखोफ चल रहे ट्रैक्टरों के कारण घरों के सामने रखी हुई दो पहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे है।नागपुर मार्ग के वार्ड नंबर 15 में ट्रैक्टर तेज रफ्तार से रहिवासी एरिया में अंधाधुन रात दिन चलाए जा रहे हैं। कॉलोनी वासियों ने बताया की रहिवासी एरिया में ट्रैक्टर संचालक के द्वारा रेत को स्टॉक किया जा रहा है। बुधवार शाम लगभग 5.30 बजे वार्ड में तेज गति से आ रहे रेत से भरे ट्रैक्टर के कारण बड़ी दुर्घटना होते-होते बच गई है। ट्रैक्टर के तेज गति से टकराने के कारण पेड़,ओर एक्टिवा गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। वार्ड वासियों के द्वारा इस मार्ग से ट्रैक्टरों के माध्यम से की जड़ी रेट दाम को लेकर पूर्व में कई बार शिकायतें की गई है बावजूद इसके संबंधित विभाग के द्वारा किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वार्ड की भीतरी सड़कों पर चल रहे रेत के ट्रैक्टरों पर कार्रवाई करने की मांग वार्ड वासियों के द्वारा की जा रही है।

# अब जल्द बनेगा छिंदवाड़ा में ट्रांसपोर्ट नगरः बंटी विवेक साहू

## सांसद बंटी विवेक साहू ने शहरवासियों को दी 20 करोड़ 18 लाख की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू ने नगर निगम छिंदवाड़ा के निवासियों को मंगलवार एवं बुधवार आयोजित हुए भूमिपूजन सामारोह के दौरान 20 करोड़ 18 लाख 28 हजार के विभिन्न निर्माण कार्यो की सौगात दी। इस दौरान कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब जल्द ही छिंदवाड़ा में ट्रांसपोर्ट नगर बन सकेगा और अब छिंदवाड़ा शहर जल्द ही महानगर का रूप लेगा। यह संभव हो सका है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी की दूरगामी सोच के कारण, वे छिंदवाड़ा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है।

सांसद श्री साहू ने कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए कहा कि मैं लगातार दिल्ली और भोपाल के प्रवास के दौरान मंत्रियों एवं अधिकारियों से छिंदवाड़ा के विकास के कार्यो को लेकर चर्चा करते रहता हूँ, जिसका सकारात्मक रिजल्ट भी शहरवासियों को देखने को मिल रहा है। नगर निगम क्षेत्र के निवासियों को अब हर मूलभूत सुविधा प्रदान की जायेगी। मैं अपनी सांसद निधि के अलावा भी अन्य मंत्रियों एवं अधिकारियों से छिंदवाड़ा शहर के विकास में सहयोग ले रहा हूँ, और वे छिंदवाड़ा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। इसी का परिणाम है कि आज करोड़ों के निर्माण कार्य छिंदवाड़ा शहर में किए जा रहे है। यहां कि जनता का भी हमें भरपूर स्नेह और सहयोग मिल रहा है, मैं उनका आभारी हूँ कि उन्होंने अपने बेटे को एक मौका देकर संसद तक पहुँचाया है।

**सांसद ने दी ट्रांसपोर्ट नगर की सौगात**

बुधवार को छिंदवाड़ा नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रं 24 सारसवाड़ा में 19 करोड़ लागत से बनने वाले ट्रांसपोर्ट नगर निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि अब छिंदवाड़ा में जल्द ही ट्रांसपोर्ट नगर का निर्माण हो सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव जी, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय जी एवं छिंदवाड़ा के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह जी से लगातार संपर्क करने का ही परिणाम है कि नगर निगम को ट्रांसपोर्ट नगर के निर्माण के लिए 19 करोड़ की राशि मिल सकी है। कुकड़ा जगत से लेकर मोहरली तक की सड़क काफी जर्जर हालत में पहुँच गई है। विगत कई दिनों से इस सड़क को लेकर सांसद बंटी विवेक साहू के पास स्थानीय निवासियों की शिकायत प्राप्त हो रही थी।

## कार्यक्रमों को लेकर बुद्ध धम्म प्रचार समिति की हुई बैठक



**सौंसर।** नगर के वार्ड 11 बौध्द विहार मैं बुधवार को बुद्ध धम्म प्रचार समिति की बीते दिनों काजलवानी की टेकड़ी पर हुए बुद्ध धम्म महोत्सव कार्यक्रम के आवक जावक के साथ आगामी दिनों में समिति की ओर से किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष डॉ वाय.एल ठवरे ने। बैठक का शुभारंभ तथागत बुद्ध एवं संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा को अभिवादन एवं बुद्ध वंदना के साथ किया।बैठक के दौरान बुद्धगया में चल रहे महाबोधि महाविहार के मुक्ति आंदोलन को लेकर चर्चा करते हुए बौध्द भीखूओ के साथ में प्रशासन के द्वारा किए गए व्यवहार की कड़ी निंदा की गई। समिति प्रमुख के. सोमकुंवर,मोरेश्वर रंगारे,अशोक बौद्ध,श्रीमती लता नागदवने,डॉ राहुल वाहने ने बताया कि बुद्ध धम्म प्रचार समिति की ओर से 16 मार्च को निर्माणाधीन बुद्धिस्ट सेमिनरी, रिधोरा में 22 प्रतिज्ञा पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। कार्यशाला में तथागत बुद्ध संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर, महात्मा ज्योतिबा फुले आदि महापुरुषों के विचारों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस दौरान बैठक में प्रमुखता से मुरलीधर कामले, अजय शेंडे नागपुर,शामराव बागडे, देवेंद्र बागड़े, शत्रुघ्न ठवरे,दादाराव बसोड़ विठ्ठल बागडे,राजेंद्र सोमकुंवर, वामन बसोड़ रेखा शेंडेमाया दुफारे आदि उपस्थित थे।

## अभिभावक संघ ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

जिला छिंदवाड़ा अभिभावक कल्याण संघ पालक संघ मध्य प्रदेश जिला छिंदवाड़ा प्राइवेट स्कूल में संबंधित समस्याओं के निराकरण के हेतु अभिभावक पालक संघ द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय ज्ञापन सोपा गयाअभिभावक को या सामाजिक संगठन छात्रों और पलकों के हितों में निरंतर शासन का ध्यान आकर्षण करता है वर्तमान में निम्नांकित बिंदुओं पर आपकी और ध्यान आकर्षित करता है नया सत्र 1 अप्रैल से शुरू किया जाए नया सत्र शुरू होने से एक हफ्ते पहले पुस्तक मेला लगाया जाए पुस्तक के सभी बुक डिपो में उपलब्ध कराई जाए ताकि मुनाफाखोरी से बचाया जा सके पुस्तक मेला में काम से कम 30% की छूट उपलब्ध कराई जाए प्रति वर्ष स्कूल फीस में वृद्धि न की जाए गणवेश ड्रेस कम से कम 3 वर्ष के पूर्व ना बदली जाए इस ज्ञापन के माध्यम से जिला पंचायत सीईओ अग्रिम कुमार जिला शिक्षा अधिकारी गोपाल बघेल जिला परियोजना संबंधित जिला शिक्षा केंद्र को आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया गयाअभीभावको द्वारा शिक्षा ग्रहण करते समय बच्चों को जो परेशानियां हो रही है जिसका फायदा बुक स्टॉल एवं बुक डिपो उठा रहे हैं।

# बादल भोई कॉलोनी में महापौर ने सुनी समस्याएं

## 50 मकानों को दिया गया पक्का बिजली कनेक्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

विगत कई वर्षों से बिजली की एवं अन्य समस्याओं का संबंधित अधिकारीयो के साथ पहुंचकर किया निराकरणमध्यप्रदेश की जनकल्याणकारी सरकार द्वारा चलाई जा रही सुगम विद्युत(सुविधा) योजना 2024 के अंतर्गत लगभग 50 मकानों को पक्का बिजली कनेक्शन दिया गया।

शहर के विभिन्न वार्डो में महापौर अहके जी लगातार आम जनमानस के बीच पहुंच कर उनसे रूबरू होकर वार्ड में होने वाले कामों का जायज़ा लेने के साथ साथ वार्डवासियों को होने वाली समस्याओं का निराकरण संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ उपस्थित होकर करते नजर आते है इसी क्रम में आज वार्ड क्रमांक 47 के बादल भोई कॉलोनी में बिजली विभाग के एवं नगर निगम के दल बल के साथ पहुंचकर वर्षों पुरानी समस्या का निराकरण किया एवं छिंदवाड़ा को साफ ,स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने हेतु सभी से सहयोग करने की अपील की ताकि इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण सर्वे में छिंदवाड़ा को अव्वल स्थान प्राप्त हो सके।

इस अवसर पर साथ में स्थानीय पार्षद लोकेश डेहरिया जी, मंडल अध्यक्ष लीला बिजौलिया जी,वरिष्ठ नेता चैतराम पाल जी, JE जितेंद्र कड़वे जी, DE बैस ji ,नीरज वर्मा जी,चंद्रकुमार बटके जी, रिंकू सिंह जी, मंजू धुर्वे जी सहित भारी संख्या में वार्डवासी उपस्थित थे।

# 28 मार्च तक ऋण नहीं चुकाने वाले किसानों को भरना होगा ब्याज

## 11 मार्च को कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक पुनः करेंगे समीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से अल्पकालीन फसल ऋण लेने वाले कृषकों को ड्यू डेट पर चुकौती करने पर ही शून्य प्रतिशत ब्याज सहायता का लाभ प्राप्त हो सकेगा, जबकि डिफाल्टर कृषकों को राज्य शासन एवं केन्द्र शासन से प्राप्त होने वाली अतिरिक्त ब्याज अनुदान तथा प्रोत्साहन राशि की पात्रता नहीं होगी, यह राशि 7 प्रतिशत की दर से कृषक को ही ऋण, वितरण दिनांक से ड्यू दिनांक तक इसके पश्चात कृषकों को 12 प्रतिशत ब्याज दर से ब्याज सहित भुगतान करना होगा।

प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों द्वारा अपने कालातीत सदस्यों को निरंतर समझाइस के उपरांत भी ऋण नहीं चुकाने वाले सदस्यों के विरूद्ध संस्थाएं धारा 84 के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय में प्रकरण दायर कर रही है। अबतक समितियों द्वारा 200 से अधिक प्रकरण सहकारिता विभाग के सी.जे.सी.एम.एस. पोर्टल पर दर्ज किया जा चुका है। जिसका न्यायालयीन व्यय भी कालातीत सदस्यों से वसूला जा रहा है।

इसी तरह क्रिस योजना के तहत लगभग 700 से अधिक कालातीत ऋणी सदस्यों के प्रकरण तहसीलदार (राजस्व अधिकारी) को ऋण वसूली हेतु सौंपे गए है जो लगातार जारी है। बैंक के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी लगातार शाखाओं / समितियों के प्रभारियों के कामकाज एवं शाखाओं और समितियों के कार्यक्षेत्र में भ्रमण कर ऋण वसूली के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति की समीक्षा कर रहे है।

बुधवार को भी मुख्यालय से विडीयों कॉनफरेंसिंग के जरीये बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभय कुमार जैन ने ऋण वसूली सहित अनेक महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर अपने शाखा और समिति प्रभारियों के साथ चर्चा की तथा 28 मार्च तक ऋण वसूली हेतु निर्धारित लक्ष्य न्यूनतम 60 प्रतिशत सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि खरीफ सीजन में सहकारी समितियों द्वारा विपरीत अल्पकालीन फसल ऋण की अदायगी तिथि 28 मार्च निर्धारित है। उक्त दिनांक तक ऋण नहीं चुकाने पर ऋणी सदस्यों को शासन की शुन्य प्रतिशत ब्याज सहायता का लाभ नहीं मिल सकेगा।

इस योजना के लाभ हेतु आवश्यक है कि ऋणी सदस्य लिए गए ऋण की चुकौति निर्धारित तिथि के पूर्व करें। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छिन्दवाड़ा से सम्बद्ध 24 शाखाओं अंतर्गत 146 प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में 1,11,408 से भी अधिक ऋणी किसान है जो इस समय शाखा व समितियों के माध्यम से प्रदत्त सुविधाओं और शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त कर रहे है। इस वर्ष 2024-25 में बैंक ने अपनी शाखाओं से संबद्ध बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ सीजन में 729 करोड़ एवं रबी सीजन में 211 करोड़ इस प्रकार कुल 940 करोड़ से भी अधिक का ऋण वितरण कर चुका है।

## सांसद, जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक ने दिया नवदंपतियों को आशीर्वाद

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में 248 जोड़ों ने थामा एकदूजे का हाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिछुआ



मप्र सरकार की मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना अंतर्गत बिछुआ के दशहरा मैदान में सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि सांसद विवेक बंटी साहू जी भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव जी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे जी व विधायक सुजीत सिंह चौधरी जी समेत जनप्रतिनिधियों ने 248 जोड़े नवदंतियों को आशीर्वाद दिया ।सांसद श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार की योजना के तहत समाज के गरीब तबके के लोग अपनी बेटियों की शादी सम्मानजनक तरीके से कर पा रहे है ।पूर्व विधायक श्री दुबे ने कहा कि यह योजना पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान जी के कार्यकाल में शुरू की गई थी जो आज बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है योजना से गरीब वर्ग के लोगों पर वित्तीय बोझ न पड़े और बेटियों का विवाह सम्मान जनक तरीके से हो रही है ।जिलाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में सभी वर्ग लाभान्वित है अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याण की योजना पहुंच रही है ।अन्य अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया । अतिथियों द्वारा दूल्हों की गाजे बाजे के साथ धूमधाम से बारात निकाली गई इस समारोह में धार्मिक रीति रिवाजो के साथ 248 जोड़े परिणय बंधन में बंधे । अतिथियों द्वारा नवदंपतियों को 49 हजार रू का प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया गया ।साथ ही सांसद श्री साहू पूर्व विधायक श्री दुबे समेत अन्य अतिथियों ने नवदम्तियों के साथ सहभोज किया ।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य द्वय पंचफूला कुंडलीक राव परतेती, लखन वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष गोलू नागरे, जंप अध्यक्ष सतीश भलावी, उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे, नप अध्यक्ष रामचंद बोबडे, उपाध्यक्ष मंगलेश दुबे, मंडल अध्यक्ष द्वय शैलेष चोपड़े, गोपाल कवरेती वरिष्ठ नेता मँझलो पटेल, अजय सक्सेना,विजेंद्र दीक्षित, बनवारी माहौरे, माइकल पहाड़े, दीपिका महिपाल चोपड़े अयोध्या सोनी सुरेश परतेती दशरथ साहू मारुति कोचे बलवीर डेहरिया घनश्याम पवार बबलू आरगुडे रजत वानखेड़े प्रमोद श्रीवास संतोष भलावी प्रहलाद साहू राजेश रघुवंशी मनोज उईके हरिश्चंद्र चौधरी महिलाल उईके राहुल बादशाह अनेत वन राजू साहू सुरेश गोदेवार माया पटेल जूनिता कथूरिया कीर्ति करमेले बबीता गाकरे बिंदुमंती मालवीय राजेंद्र परतेती मोनू पवार बलदेव बोबडे हिम्मतराम सोनी जितेंद्र सोनी संजीव ठीकूं विजय गाकरे शिवराज चोरिया रामदयाल मिनोटे भरत धावड़े मौजूद रहे।

## लाखों लाशे बिछाने वाले बयान पर भाजपा हुई सौंसर क्षेत्र में उग्र

# भाजपा ने जगह जगह किया कांग्रेस नेताओं का पुतला दहन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ,सौसर विधायक विजय चौरे के द्वारा भाजपा नेताओं पर की गई बयानबाजी, टिप्पणीयो को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करते हुए नजर आए है।

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस नेताओं के खिलाफ औद्योगिक क्षेत्र रेमंड चौक, पीपला नारायणवार, सौसर थाने में भी बड़ी संख्या में पहुंचकर कांग्रेस नेताओ का पुतला दहन करते हुए कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।पिपलानारायणवार जांमसांवली मंडल मे विधायक के द्वारा लाखों लोगों की लाशे बिछाने वाले बयान के विरोध मे विधायक का नगर बड़ चौक में पुतला दहन करते हुए विरोध प्रदर्शन किया।इस दौरान जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह परमार, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष तेजराव गायकवाड़, प्रदीप केने,रामजी सरोदे, सदानंद डोंगरे नगर भाजपा अध्यक्ष सुरेश कोठे विधायक के बयान की निंदा करते हुए सार्वजनिक रूप से माफी मांगने, प्रशासन को कार्रवाई करने की मांग की है। भारतीय जनता पार्टी मंडल लोधीखेड़ा की ओर से रेमंड चौक औद्योगिक क्षेत्र कांग्रेस नेताओं के बयान पर पुलिस थाना के सामने पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा नेता प्रभाकर बोबडे,लीलाधर बांगड़े,आनंद दुफारे,होमदेव वंजारकर,दिनेश रायकवार,खेमराज सोनेकर,ने बताया प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, पांढुर्णा जिला भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं के द्वारा दिए गए लाखो लोगो की लाशें बिछाने वाले बयान को लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया गया। इधर सौसर नगर में भी सौसर भाजपा मंडल के द्वारा जिला भाजपा महामंत्री राहुल मोहड़ के नेतृत्व में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रैली निकालते हुए कांग्रेस नेताओं के पुतला दहन के बाद सौसर थाना परिसर में पहुंचकर कार्रवाही करने की मांग सौसर थाना प्रभारी रूपलाल उइके से की है।

इस दौरान श्री मोहड़ ने बताया क्षेत्र की शांत फिजा में विवाद उत्पन्न करने वाले ऐसे विवादित बयान पर विधायक विजय चौरे पर पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई करनी चाहिए। इस दौरान पूर्व जिला भाजपा महिला अध्यक्ष श्रीमती उषा भमोरे, सौस भाजपा अध्यक्ष दर्शन झाड़े, श्रीमती नीता बोडखे, मंडल महामंत्री नरेंद्र कुकडे,नपा उपाध्यक्ष विनोद जूनघरे, रामकृष्ण राउत, युवराज बेड़े, दिगंबर वरूड़कर गोलू वाडेकर,मोरेश्वर धुर्वे,प्रशांत ठाकरे, सौरभ अढ़ाऊ, किशोर राउत,खुशाल उफ़ाट, उपस्थित थे।

## मरीजों को दिलाई 2 लाख 30 हजार की सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयासों से छिंदवाड़ा जिले के 6 मरीजों को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने अपनी मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान निधि से 2 लाख 30 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। उक्त राशि मिलने पर अब आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीजों का छिंदवाड़ा के अस्पतालों में बेहतर ईलाज हो सकेगा। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों मरीजों एवं उनके परिजनों ने सांसद बंटी विवेक साहू से अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए ईलाज हेतु सहायता राशि की गुहार लगाई थी। जिसके आधार पर सांसद श्री साहू ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र प्रेषित कर आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराने का निवेदन किया था। जिसके आधार पर मुख्यमंत्री श्री यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान निधि से उमरेठ निवासी आत्माराम पिता तुलसीराम प्रजापति को 25 हजार, चौरई क्षेत्र के ग्राम चारगांव वार्ड नं.08 निवासी बेबी भारती पिता अखिलेश कनौजिया को 50 हजार, परासिया क्षेत्र के ग्राम कारीडोंगरी निवासी प्रकाश पिता रामचंद्र तेकाम को 40 हजार, दमुआ वार्ड क्रं. 14 दुर्गा मंदिर के पास के निवासी वीरेन्द्र सिंह पिता राजेन्द्र खुराना को 45 हजार, मोहखेड़ वार्ड क्रं 07 निवासी शिवराम पिता छोआलाल साहू को 30 हजार एवं दीनदयाल उपाध्याय वार्ड क्रं.20 निवासी ऋषभ पिता हरिओम विश्वकर्मा को 40 हजार की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है।

सांसद श्री साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मंशा है कि हर जरूरतमंद आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों का बेहतर से बेहतर ईलाज हो सके, इसके लिए उन्होंने आयुष्मान योजना लागू की है जिससे करोड़ों लोगों को बेहतर ईलाज मिल रहा है। इसी के साथ ही जिन मरीजों के मरीजों के ईलाज के लिए आर्थिक सहायता हेतु आवेदन दिल्ली भेजे जा रहे है। उस पर भी गंभीरता से विचार कर हर संभव सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है।

## जाटछापर बस्ती में सीसी रोड निर्माण कार्य आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



ग्राम पंचायत जाटा छापर बस्ती में वार्ड क्रमांक 1 संजय राय और बालकृष्ण यदुवंशी के घर के पास डेढ़ सौ मीटर सीसी रोड का निर्माण कार्य बुधवार को जनपद उपाध्यक्ष परासिया जमील खान , सरपंच नरेन्द्र धुर्वे की उपस्थिति में आरंभ हुआ । उल्लेखनीय है , कि इस सड़क की मांग बस्ती के किसानों के द्वारा कई वर्ष से की जा रही थी । पूर्व में डेढ़ सौ मीटर निर्माण कार्य हुआ था । यहां से बस्ती के किसानों का लगातार अपने खेत में आना - जाना है । किसानों की परेशानी को देखते हुए इस सीमेंट कांक्रीट रोड के निर्माण का निर्णय लिया गया । ग्राम वासियों ने पानी की समस्या भी बताई , कि हैंडपंप और कुएं से पानी कम मिल रहा है । हैंडपंप से फ्लोराइड वाला पानी आ रहा है । जनपद उपाध्यक्ष ने ग्राम वासियों को आश्वासन दिया , कि पी एच ई की मुख्य लाइन से बस्ती तक डेढ़ किलोमीटर पाइपलाइन बिछाकर शीघ्र शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में पंच शिवनाथ राय , उपसरपंच दादू सिंह राय , जमुना यदुवंशी , संजय राय , प्रमोद भार्गव , हेमराज सूर्यवंशी , सुनील सूर्यवंशी , भोजराज राय , बालकृष्ण यदुवंशी , मुरारी राय , सीताराम यदुवंशी , नरेंद्र यदुवंशी , टिंकू यदुवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी कार्यक्रम में उपस्थित हुए ।

## डेहरिया मेहरा समाज की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

मेहरा डेहरिया समाज द्वारा विगत 12 वर्षों से लगातार आयोजित किया जाने वाला महिला जाग्रती सम्मेलन इस वर्ष 9 मार्च को सामाजिक भवन कुशमेली मंडी रोड छिंदवाड़ा में आयोजित किया जायेगा जिला अध्यक्ष लोकेश डेहरिया के निर्देश पर जुन्नारदेव में सामाजिक महिलाओं द्वारा बैठक का आयोजन किया गया अंतरास्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर यह आयोजन किया जाता है डेहरिया समाज के पूर्व जिलाध्यक्ष सिताबिलाल डेहरिया कीप्रेरणा से सामाजिक महिलाओं की आर्थिक एंव राजनेतिक सशक्तिकरण एंव उनके उत्थान एंव सामाजिक विकास में महिलाओं की भूमिका की दृष्टि से यह आयोजन किया जाता है जिसमें विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त सामाजिक महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ एंव मणिपुर की पूर्व राज्यपाल माननीया अनुसूइया उईके मुख्य अतिथि की रूप में उपस्थित रहेंगी जबकि विशेष अतिथि के रूप में शालनी विवेक बंटी साहू उपस्थित रहेंगी। विशिष्ठ अथिति के रूप में नगर निगम की सहायक आयुक्त मीना कोरी पूर्व जिला पंचायत सदस्य ज्योति डेहरिया व किरण चौधरी रहेंगी।जुन्नारदेव जिला उपाध्यक्ष संजय डेहरिया के घर में बैठक हुई जिसमें छिंदवाड़ा की महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष उमा डेहरिया सचिव रैना हारले जिला उपाध्यक्ष छाया मेहरा सचिव दिनेश डेहरिया की उपस्थित में की गई जिसमें पिंकी बछलिया,कंचन बेले, संगीता डेहरिया, दीपमाला बेले , नंदनी नागले, पूनम बडौदे, पुरूष वर्ग के लखन लाल डेहरिया,दीपक बछलिया,रवि बेले,सन्तोष डेहरिया, मनीष नागले आदि मौजूद रहे।

### अनिल मिश्रा को सौंपी जिम्मेदारी

**छिन्दवाड़ाः-** मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ जी के निर्देशानुसार चौरई शहर कांग्रेस में पर्यवेक्षक पद पर नवनियुक्ति की गई है। नवनियुक्त पदाधिकारी को तत्काल प्रभाव से जिम्मेदारी सौंपकर संगठन की जारी गतिविधियों में सम्मिलित होने निर्देशित किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री विश्वनाथ ओकटे व चौरई विधायक श्री सुजीत चौधरी की सहमति उपरांत चौरई शहर कांग्रेस अध्यक्ष धीरज खंडेलवाल के द्वारा अनिल मिश्रा को चौरई शहर कांग्रेस में पर्यवेक्षक मनोनीत किया गया है। अपनी नियुक्ति के प्रति अनिल मिश्रा ने माननीय कमलनाथ जी एवं माननीय नकुलनाथ जी सहित जिले के समस्त वरिष्ठ कांग्रेस जनप्रतिनिधिगण व विधायकगण सहित कांग्रेस परिवार का हृदय से आभार माना है।

### जिला महिला कांग्रेस सेवादल की कार्यकारिणी घोषित

**छिन्दवाड़ाः-** जिला महिला कांग्रेस सेवादल की कार्यकारिणी घोषित की गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा के उपरांत जिला महिला कांग्रेस सेवादल की कार्यकारिणी घोषित की गई है। घोषित कार्यकारिणी में कांग्रेस सेवादल की जिला महिला अध्यक्ष सहित अन्य पदो पर नियुक्तिया की गई है। घोषित कार्यकारिणी में कांग्रेस सेवादल की जिला महिला अध्यक्ष डॉ. शाबाना यास्मीन खान, जिला कार्य. अध्यक्ष सीमा शुक्ला, उपाध्यक्ष सालीका काडेआम, सिंधु यादव, जिला महासचिव करिशमा डेहरिया, शहनाज बानो, सचिव स्मिता वर्मा, मनोति पाल, रशिमी धुर्वे मनोनीत की गई है। प्रवक्ता पद की जिम्मेदारी श्रीमती तुलसा प्रसाद को सौंपी है। संगठन मंत्री इस्मत बनो व कल्पना रघुवंशी नियुक्त की गई। सोशल मीडिया व संयोजक की जिम्मेदारी सपना वर्मा को सौंपी है। नगर महिला अध्यक्ष शिवानी मरापे, नगर उपाध्यक्ष वीणा जैन व छिन्दवाड़ा ग्रामीण अध्यक्ष पद पर कनीजा कुरैशी मनोनीत की गई है।

## आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण के साथ चलाई पढाई की थीम



**जुन्नारदेव।** महिला बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री हेमंत छेकर जी के निर्देशन में परियोजना जुन्नारदेव के अंतर्गत महिला बाल विकास अधिकारी सुश्री सीमा पटेल पर्यवेक्षक सीमा धुर्वे के आदेश अनुसार जुन्नारदेव शहरी सेक्टर में सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं को अपने-अपने आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण भी पढ़ाई भी थीम के अंतर्गत प्री प्राइमरी शिक्षा के लिए आवश्यक सामग्री स्लेट बुक अल्फाबेट बुक चौक पेंसिल आदि की व्यवस्था की गई 3 से 6 साल के बच्चे प्रतिदिन आंगनवाड़ी में आकर पोषण के साथ-साथ खेल खेल में पढ़ाई कर सके जिसमें तीन से 6 साल के बच्चों का शारीरिक मानसिक बौद्धिक विकास हमारे कार्यकर्ता सहायिका द्वारा आसानी से किया जा सकता है।

## सांसद आज देगें 3 करोड़ 25 लाख के उपस्वास्थ्य केन्द्रों की सौगात

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू गुरूवार को परासिया विधानसभा क्षेत्र में बनने वाले पांच उपस्वास्थ्य केन्द्रों जिनकी लागत (65-65 लाख) कुल 3 करोड़ 25 लाख के कार्यों का भूमिपूजन करेंगे। सांसद श्री साहू दोपहर 12 बजे ग्राम झुर्रे में उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन करेंगे, दोपहर 1:15 बजे ग्राम तीतरा डुंगरिया (पगारा) में उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन करेंगे, दोपहर 2:15 बजे ग्राम सेतपरात में उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन करेंगे, दोपहर 3:15 बजे ग्राम खजरी अंतु में उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन करेंगे एवं शाम 4:15 बजे ग्राम पटपड़ा में उपस्वास्थ्य केन्द्र का भूमिपूजन करेंगे। वहीं शाम 5:15 पर ग्राम मूसादेही में आयोजित स्वागत सामारोह में शामिल होंगे।

### आगरवाड़ा में कोटवार की पुत्री की नियुक्ति की रखी मांग

## कोटवार संघ ने एसडीएम और तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बुधवार को तहसील मुख्यालय में जनपद पंचायत के सभागार में दोपहर डेढ़ बजे कोटवार वेलफेयर सोसाइटी संघ तहसील कटंगी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया. इस बैठक में कोटवारों की नियुक्ति के संबंध में काफी विस्तार से चर्चा की गई. जिसमें तहसील अध्यक्ष रामेश्वर उके ने कोटवार साथियों को बताया की किसी भी स्थान पर जहां कोटवार का पद रिक्त है. वहां पर वंशावली के अनुसार भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 230 के तहत वारसानों को प्राथमिकता के तहत नियुक्ति का प्रावधान है. बैठक के पश्चात शाम 04 बजे कोटवार संघ ने एसडीएम मधुवंतराव धुर्वे और तहसीलदार सुरेश उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा है. इस ज्ञापन के जरिए कोटवार संघ ने ग्राम आगरवाड़ा में कोटवार डोलचंद रामटेक के इस्तीफे के बाद उनकी पुत्री श्रीमती अंजू बोरकर को उत्तराधिकारी नियुक्त करते हुए कोटवारी का पद देने की मांग रखी है. कोटवार संघ के अध्यक्ष ने बताया कि अंजू बोरकर ने करीब चार माह पहले नियुक्ति की कार्रवाई के लिए तहसील में आवेदन किया है लेकिन आज तक कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई. अब अगर चार दिनों के भीतर नियुक्ति नहीं की जाती तो कोटवार संघ काम बंद हड़ताल करेगा. इस दौरान उपाध्यक्ष सुखचंद भालाधरे, सचिव सुखदेव तिरपुड़े, अशोक चौहान, दिनेश मासुरकर, शिशुपाल मेश्राम, अरुण भिमटे, राजेंद्र वासनिक, धनपाल राउत सहित अन्य कोटवार उपस्थित रहे।

### माता की उपचार के दौरान गोंदिया अस्पताल में मौत, हुआ अंतिम संस्कार

## माता-पिता पर हमला करने वाले पुत्र को न्यायालय ने भेजा जेल

***मोबाईल की लत के विवाद में किया था माता-पिता पर जानलेवा हमला***



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** अपने जन्मदाता माता-पिता पर प्राणघातक हमला करने वाले कलयुगी पुत्र को बुधवार को माननीय न्यायालय ने जेल भेज दिया है। पुलिस ने पूछताछ के बाद युवक के खिलाफ बीएनएन की धारा 103, 109 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया और उसे वारासिवनी न्यायालय में पेश किया था।

विदित हो कि थाना क्षेत्र के सिकंद्रा के कॉलेज टोला हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में शिक्षक कटरे दंपत्ति अपने एकलौते पुत्र सत्यम के साथ निवास करते है। सत्यम एक होशियार युवक के रुप में अपने परिवार व परिचितों में जाना जाता हैं। नीट की परीक्षा की तैयारी के लिए कटरे दंपत्ति द्वारा उसे कोटा राजस्थान भेजा गया था। जहॉ से 6 माह पूर्व ही वह वापस लौटा था और घर में नीट की तैयारी कर रहा था। लेकिन इन तैयारियों के बीच उसे मोबाईल की लत लग गई, जिसका दुष्परिणाम यह निकला कि उसका ध्यान पढ़ाई की ओर कम और मोबाईल में अधिक हो गया। जिससे परेशान कटरे दंपत्ति द्वारा उसे बार-बार समझाया जाता था, लेकिन वह अपनी आदत छोड़ नहीं पा रहा था। जिससे उसके पिता किशोर कटरे द्वारा मोबाईल से सिम भी निकाल ली गई। इस बात को लेकर पहले भी पिता-पुत्र के बीच बहस हो जाती थी।

**मोबाईल के उपयोग को लेकर पिता-पुत्र में बहस के बाद किया हमलाः** जानकारी अनुसार सोमवार 3 मार्च की रात में मोबाईल को लेकर एक बार फिर पिता-पुत्र के बीच बहस हो गई और इस बहस के दौरान ही युवक सत्यम अत्यंत आवेश में आ गया और उसके द्वारा लोहे की सब्बल से अपने पिता किशोर कटरे पर वार किया गया, लेकिन वह पहले तो भाग कर किचन में गए, इसी बीच उसकी मॉ प्रतिभा कटरे जब अपने पति को बचाने के लिए बीच में आई, तो उसने अपनी मॉ के सिर पर वार कर दिया और फिर किचन में जाकर अपने पिता के सिर पर वार कर दिया। जिससे दोनों ही गंभीर रुप से घायल होकर गिर गए। इस दिल दहला देने वाली घटना सत्यम ने खुद रिश्तेदारों व डायल 100 को दी थी।

**4 मार्च की शाम को मॉ प्रतिभा कटरे की गोंदिया में हुई मौतः** घटना की सूचना के बाद सदमे में आए पुलिस अधिकारियों ने तत्काल मौके पर पहुँच कर युवक को गिरफ्तार करने के साथ ही लोगों की सहायता से घायलों को तत्काल उपचार के लिए शासकीय चिकित्सालय वारासिवनी भिजवाया, जहॉ प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गम्भीर स्थिति को देखते हुए बालाघाट और वहॉ से गोंदिया महाराष्ट्र के जानकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहॉ पर डॉक्टरों द्वारा कटरे दम्पत्ति को बचाने का भरकस प्रयास किया गया, लेकिन 4 मार्च की देर शाम घायल शिक्षिका प्रतिभा कटरे ने दम तोड़ दिया, वहीं घायल पति किशोर कटरे का गहन चिकित्सा कक्ष में इलाज किया जा रहा है।

**धारा 103, 109 के तहत प्रकरण किया पंजीबद्धः** घटना के बाद पुलिस ने आरोपित कुपुत्र सत्यम कटरे पर बीएनएन की धारा 109 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया था, लेकिन माता प्रतिभा कटरे की मौत के बाद उसके खिलाफ धारा 103 भी जोड़ी गई। 4 मार्च मंगलवार को दिन भर आरोपी सत्यम से पूछताछ के बाद बुधवार को माननीय न्यायालय में उसे पेश किया गया। जहाँ से माननीय न्यायालय ने आरोपित को जेल भेज दिया है।

## 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत का आयोजन तहसील न्यायालय वारासिवनी में

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रणेश कुमार प्राण व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतीश शर्मा के मार्गदर्शन में 8 मार्च 2025 दिन शनिवार को जिला न्यायालय बालाघाट एवं अधीनस्थ तहसील न्यायालय वारासिवनी में वर्ष 2025 की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित प्रकरण जैसे आपराधिक शमनीय प्रकरण, चेक बाउंस प्रकरण, बैंक रिकवरी प्रकरण, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरण, वैवाहिक प्रकरण श्रम प्रकरण, भूमि अधिग्रहण के प्रकरण, विद्युत एवं जलकर, संपत्तिकर संबंधी प्रकरण एवं दीवानी मामले, राजस्व मामले एवं अन्य प्रीलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण आपसी राजीनामा के माध्यम से किया जावेगा।

नगरपालिका, नगर पंचायतों के प्रकरणों में आपसी राजीनामा के आधार पर एकमुश्त राशि पर अधिभार में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है। इसी प्रकार विद्युत विभाग के प्रकरणों के निराकरण पर भी एकमुश्त भुगतान पर अधिभार की राशि में नियमानुसार छूट प्रदान की जाती है। आपसी राजीनामा से प्रकरणों के निराकरण पर किसी पक्ष की हार नहीं होती, बल्कि दोनों पक्षों में आपसी भाईचारा बढ़ता है, मुकदमेबाजी पर हो रहे समय, श्रम व धन के व्यय की बचत होती है और व्यक्ति तनावमुक्त जीवन का आनंद प्राप्त करता है। ऐसे इच्छुक पक्षकार जो अपने मामले का निराकरण लोक अदालत के माध्यम से कराना चाहते हैं, वह अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपसी सुलह से संबंधित न्यायालय के प्रकरण का निराकरण करवाकर नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएं। अधिक जानकारी के लिए जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा समिति के कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर या मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर 15100 पर निःशुल्क कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## अंधे हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा

***दो लोग हुए गिरफ्तार न्यायालय ने भेजा जेल***



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** 01 मार्च को कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम देवथाना में हुए अंधे हत्याकांड की पुलिस ने गुत्थी सुलझा ली है. पुलिस ने तीन दिनों के भीतर पूरे मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया. जिन्हें बुधवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया. जहां से दोनों को उप जेल वारा भेज दिया गया है. पुलिस ने शाम करीब साढ़े 06 बजे पुरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि जमीनी विवाद के चलते मानेगांव निवासी गुलाब पिता बुद्धु लांजेवार की हत्या कर दी गई थी. मृतक के बड़े भाई कोठूलाल लांजेवार के पुत्र राजेश लांजेवार ने अपने दोस्त राजेन्द्र पिता हरिचंद गौतम के साथ मिलकर गुलाब लांजेवार की देवथाना स्थित खेत में हत्या की और लाश को कुंए में फेंक दिया था. पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103 (1), 238, 61, 3(5) की कार्रवाई की है. राजेश लांजेवार और गुलाब लांजेवार के बीच बीते कुछ वर्षों से जमीनी विवाद चल रहा था और यह विवाद एसडीएम न्यायालय में विचाराधीन था. राजेश जमीन को लेकर चल रहे इस विवाद से काफी परेशान था और इसी परेशानी को समाप्त करने के लिए उसने अपने चाचा गुलाब की दोस्त के साथ मिलकर हत्या कर दी।

दरअसल, पूरा विवाद करीब साढ़े 06 एकड़ जमीन का है. बताया जाता है कि राजेश लांजेवार के पास यह जमीन थी. जिस पर गुलाब हिस्सा चाहता था जिसके चलते उनसे अपने भतीजी के खिलाफ एसडीएम कोर्ट में केस दर्ज करवाया था. पहले गुलाब ने तहसील में केस दर्ज किया था जहां से उसे हार का सामना करना पड़ा था. गुलाब के बार-बार प्रकरण लगाएं जाने से राजेश लांजेवार बहुत ही हताश और परेशान हो गया था और उसने इस परेशानी को दूर करने के लिए हत्या करना ही आखिरी रास्ते के रूप में चुना. राजेश ने पुलिस को बताया कि 28 मार्च को जमीन की पेशी से लौटने के बाद ही उसने अपने चाचा की हत्या की योजना बनाई और 01 मार्च को सुबह करीब साढ़े 05 बजे ही वह अपने दोस्त राजेन्द्र के साथ खेत की तरफ चले गया. जहां उसका चाचा आया तो दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बालाघाट के आदेश पर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन पर एक टीम का गठन किया गया. जिसमें इस हत्याकांड का खुलासा किया है. थाना प्रभारी गहलोद सेमलिया. उपनिरीक्षक दीपक गौतम, पी.एल.अहाके, प्रधान आरक्षक शिशुपाल बघेल, कौशल शर्मा, आरक्षक विमलेश सिसोदिया, नीरज सनोड़िया, शिवम बघेल, सुमित डांगी सहित अन्य पुलिस जवानों का विशेष योगदान रहा।

### लांजी अंतर्गत कारंजा, सिंगोला, सुईटोला और बापड़ी के किसान है परेशान

## सिंचाई के लिये पानी न मिलने से आक्रोशित किसान भूख हड़ताल पर बैठे



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** तहसील क्षेत्र लांजी के ग्राम कारंजा, सिंगोला, सुईटोला और बापड़ी के किसान रबी फसल में सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध कराने के लिए भूख हड़ताल कर रहे हैं। शासन- प्रशासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने के लिए किसानों ने मंगलवार को कारंजा ग्राम के छोटी बाघ नदी के पास पंडाल लगाकर भूख हड़ताल पर बैठ गये है। किसानों की मांग है कि रबी फसल के लिये उन्हें छोटी बाघ नदी में नहर से पानी उपलब्ध कराया जाए ताकि गर्मियों में भी फ सल ली जा सके। किसानों ने चेतावनी दी कि जब तक नहर से पानी नहीं छोड़ा जाता, तब तक विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। भूख हड़ताल पर बैठे किसानों ने अपनी समस्या बताते हुए कहा की इस क्षेत्र में चावल की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। इस क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाला चावल उगाया जाता है। वर्षा ऋतु की फ सल के बाद खेत खाली पड़े रहते हैं। यदि छोटी बाघ नदी में नहर से पानी उपलब्ध हो तो दोहरी फ सल यानी रबी सीजन की फसल उगाई जा सकती है। इससे किसानों को लाभ हो सकता है। नहर से पानी मिले बिना खेती करना असंभव है। इसलिए कारंजा, सिंगोला, सुईटोला और बापड़ी के किसान भूख हड़ताल पर हैं। भूख हड़ताल पर बैठने वाले किसानों में अशोक मेंडे, धर्मराज बागड़े, धनराज लिल्हारे, जीवनलाल लिल्हारे, डुडेश्वर ढेकवारे, गणेश मटाले, यशुलाल बिसेन, संजय मेंडे, घनश्याम मटाले, पुरोहित बागड़े, ओंमकार बसेना, ज्ञानीराम पटले, बाबुलाल बिसेन, युवराज सोनवाने, सुखदेव बनोटे, सोहनलाल राउत, भैयालाल शिवहरे, छत्रपाल मचिया, केशोराव भंडारकर, निलेश शिवणकर, अरूण मेंडे, माधोराव भंडारकर, दिलीप मेंडे, दिनेश मेंडे, महेंश मेंडे, निलेश वागड़े, चुन्नीलाल लिल्हारे सहित अन्य किसान शामिल रहे।

**विधायक और अधिकारी कर रहे टालमटोलः** भूख हड़ताल पर बैठे किसानों ने कहा हमारा आंदोलन जारी है ताकि रबी फसल की सिंचाई के लिये पानी मिल सके। हमारी खरीफ फसल बाढ़ के कारण पहले ही बर्बाद हो चुकी है वहीं अब रबी फसल के लिये हमे पानी नहीं मिल पा रहा है। अधिकारियों से इस संबंध में चर्चा करने पर उनके द्वारा महाराष्ट्र परमिशन लाने के बात कही जाती है। वहीं क्षेत्र के विधायक से गुहार लगाने पर उनके द्वारा हमे तारीख पर तारीख दी जा रही है ऐसे में हमारे फसल सूखने की कगार पर है पर अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को इस संबंध में कोई लेना देना नहीं है जिससे हम किसान आज बाघ नदी के पास ही भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। किसानों ने बताया की सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध कराने के लिये वे जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में गए थे पर वहां से भी उन्हें निराशा ही हाथ लगी।

## खबर संक्षेप

### 15 मार्च से होगा गेहूं उपार्जन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु किसान पंजीयन 31 मार्च 2025 तक किए जाएंगे। गेंहू खरीदी उपार्जन अवधि 15 मार्च से 5 मई तक निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 व बोनस 175 रुपये इस तरह कुल 2600 रूपये निर्धारित किया है। सभी पंजीकृत किसान इस अवधि में अपनी उपज का विक्रय अपने नजदीकी गेहूं उपार्जन केंद्र में जाकर कर सकते है।

### नाले में डूबने से बालक की मौत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के बंडोल थाना अंतर्गत सोनाडोंगरी गांव में नाले में डूबने से 11 वर्षीय बालक की मौत हो गई। पुलिस ने सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि सोनाडोंगरी निवासी मस्तराम बरकड़े के परिवार के लोग खेत गए थे। इस दौरान उसका बेटा गौरव अनपे छोटे भाई के साथ पास के ही नाले में हाथ पैर धोने चला गया इस बीच गौरव अनियंत्रित होकर नाले में गिर गया। उसके छोटे भाई ने खेत में काम कर रही मां को गौरव के गिरने की बात बताई, जब तक स्वजन वहां पर पहुंचे तब तक गौरव की मौत हो चुकी थी।

### कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए आवेदन 10 मार्च तक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में जनजातीय वर्ग के छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदाय करने की भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत प्रदेश के साथ जिले में विशिष्ट आवासीय विद्यालय, एकलव्य आवासीय विद्यालय घंसौर, कन्या शिक्षा परिसर सिवनी, कुरई, छपारा एवं लखनादौन संचालित हैं। शासकीय कन्या शिक्षा परिसर प्राचार्य ने बताया कि संचालित विद्यालयों में प्रवेश परीक्षा से केवल कक्षा 6 वीं में प्रवेश दिया जाता है। सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु कक्षा 5वीं में अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 10 मार्च तथा परीक्षा की तिथि 30 मार्च निश्चित है। जिले की प्राथमिक शालाओं में अध्ययनरत जनजातीय वर्ग के इच्छुक विद्यार्थी आवेदक कर सकते हैं।

# ग्रामीण अंचल के लोग आज भी वंचित है इंटरनेट सेवा से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिले के कुरई विकासखंड के ग्राम नएगांव में है। घने जंगल व पेंच राष्ट्रीय उद्यान के बफर जोन में स्थित ग्राम पंचायत साखादेही के गांव नएगांव में कक्षा पहली से पांचवी तक छात्र-छात्राओं की दर्ज संख्या 51 है। जो ठीक-ठाक है। उक्त गांव के स्कूल में पदस्थ शिक्षकों के समक्ष सबसे बड़ी समस्या है नेट की। स्कूल की किसी भी प्रकार की जानकारी देने के लिए शिक्षकों को यहां से लगभग 3 किलोमीटर दूर गांव जाना पड़ता है। गांव से लगभग 7 किलोमीटर दूर धोबीसर्रा में एक निजी कंपनी का टावर लगा है। जिसका सिग्नल गांव साखादेही तक ही मिलता है। सिग्नल (नेट) नहीं मिलने के कारण गांव के कुंवारे युवक-युवतियों की संख्या भी काफी ज्यादा है। शादी के लिए लोग आते हैं युवक-युवती को पसंद भी करते हैं लेकिन जब इसकी खबर अपने परिचितों को देने के लिए मोबाइल निकलते हैं तो नेट कवरेज नहीं मिलने की जानकारी लगते ही वे वैवाहिक संबंध बनाने से मना कर बैरंग लौट जाते हैं और दोबारा लौटकर गांव नहीं आते हैं।



### आशा कार्यकर्ता, ग्रामीण, शिक्षण सब परेशान

प्रदेश के सबसे बड़े वनग्राम नएगांव के ग्रामीणों में यशवंत धुर्वे, आशा कार्यकर्ता शकुन इनवाती, संतोष धुर्वे, लेखन धुर्वे, भैया लाल धुर्वे, राहुल सरेआम, संतोष आदि ने बताया कि स्कूल की हाजिरी लगाने शिक्षक-शिक्षिकाओं को गांव से दूर अपने मोबाइल को लेकर जाना पड़ता है। गंभीर रूप से घायल व डिलीवरी महिलाओं तथा पुलिस प्रकरण की जानकारी देने में दिक्कतें आती हैं।

### आशा कार्यकर्ता, ग्रामीण, शिक्षण सब परेशान

प्रदेश के सबसे बड़े वनग्राम नएगांव के ग्रामीणों में यशवंत धुर्वे, आशा कार्यकर्ता शकुन इनवाती, संतोष धुर्वे, लेखन धुर्वे, भैया लाल धुर्वे, राहुल सरेआम, संतोष आदि ने बताया कि स्कूल की हाजिरी लगाने शिक्षक-शिक्षिकाओं को गांव से दूर अपने मोबाइल को लेकर जाना पड़ता है। गंभीर रूप से घायल व डिलीवरी महिलाओं तथा पुलिस प्रकरण की जानकारी देने में दिक्कतें आती हैं।

### आजादी के पहले का है गांव

आजादी के पहले अंग्रेजों द्वारा वन्यजीवों के दीदार व हरियाली के बीच वर्ष 1942 में जो रेस्ट हाउसनुमा भवन का निर्माण कराया गया था। उक्त भवन में आज सरकारी स्कूल संचालित है यहां इको समिति द्वारा निर्मित बाल उद्यान भी है। लगभग 112 घर की बस्ती वाले गांव की आबादी लगभग 650 है। ग्राम पंचायत साखादेही के सरपंच धनसिंह सरयाम, सचिव राजपाल बघेल ने बताया कि ग्राम पंचायत साखादेही के अंतर्गत तीन गांव गौलीटोला, वनग्राम नएगांव और साखादेही जहां मात्र वनग्राम नए गांव के ही बच्चे वनग्राम के स्कूल में बड़ी संख्या में पढ़ते हैं।

### बढ़ रही कुमारो की संख्या

ग्रामवासियों ने बताया कि गांव में टावर नहीं होने के कारण मोबाइल अनुपयोगी सिद्ध हो रहे हैं। बैलेंस डलवाने के बाद भी व्हाट्सएप, फेसबुक आदि सोशल प्लेटफॉर्म का उपभोक्ता उपयोग ही नहीं कर पता है। शादी के लिए लोग बाहर से आते हैं और बेरंग लौट जाते हैं। गांव में लगभग 26 लड़के-लड़कियां शादी योग हैं। जिनकी उम्र भी ढल रही है। कुंवारों की संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसे में ग्रामवासियों ने वनग्राम नए गांव में ही टावर लगाए जाने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

### इनका कहना है



पंचायत, स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य शासन-प्रशासन की योजनाओं की जानकारी देने गांव से दूर 3 किलोमीटर दूर जाना-आना पड़ता है। जिसके चलते काम प्रभावित होता है। समय पर सूचना नहीं दे पाते हैं।

**शकुन इनवाती आशा कार्यकर्ता**



सिग्नल नहीं मिलने से मोबाइल अनुपयोगी हो जाते हैं। इसका प्रभाव गांव के कुंवारे युवक-युवतियों पर भी पड़ रहा है, कुंवारों की संख्या बढ़ रही है। उनकी शादी की समस्या बनी हुई है।

**राहुल सरेआम**

# नजूल कार्यालय में नवीनीकरण की प्रक्रिया के लिये आवेदन हो रहे जमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनी नगरीय क्षेत्र के छः हजार से अधिक व्यक्तियों की आवासीय और व्यापारिक लीज आगामी 31 मार्च को समाप्त हो हो जायेगी । लीज नवीनीकरण के लिये कब्जाधारी आवेदन कर सकते है, आवेदन करने पर शासन के निर्देशानुसार लीज का नवीनीकरण किया जायेगा ।

नजूल की जमीन पर शासन से मात्र 25 साल की लीज मिलती है। राजस्व निरीक्षक के अनुसार शहर में तकरीबन 6000 पट्टेधारियों की लीज आगामी 31 मार्च को समाप्त हो रही है। इन सभी पट्टाधारियों की लीज का वर्ष 2000 में नवीनीकरण हुआ था ऐसे सभी पट्टाधारी जिनका नवीनीकरण या वर्ष 2000 हजार में पट्टा जारी हुआ है वे सभी पट्टा नवीनीकरण के लिये आवेदन नजूल में उपलब्ध निर्धारित फार्म के अनुसार में जानकारी भरकर लीज नवीनीकरण के लिये आवेदन जमा करें। पट्टाधारियों के द्वारा आवेदन करने पर नजूल विभाग निर्धारित गणन पत्रक में लीज नवीनीकरण की शुल्क की गणना कर आवेदक को प्रदान करेगा उक्त शुल्क आवेदक द्वारा बैंक के चालान के माध्यम से जमा की जायेगी। नजूल के निर्धारित मापदंड पूर्ण करने पर लीज का नवीनीकरण किया जायेगा । जानकारी के अनुसार नजूल पट्टों के नवीनीकरण के लिये जिला कलेक्टर द्वारा एक टीम का गठन किया गया है। इस टीम में कुछ राजस्व निरीक्षक एवं पटरियों को शामिल किया गया है।

# लापरवाही पड़ी भारी: जिला आपूर्ति अधिकारी तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को कारण बताओ नोटिस जारी

**संस्कृति जैन की अध्यक्षता में बुधवार 05 मार्च को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर श्री सी एल चनाप एवं अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे, वहीं खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

बैठक में कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने सीएम हेल्प लाईन,समयसीमा में दर्ज प्रकरणों जनसुनवाई के आवेदन, विभिन्न आयोग के पत्रों में लंबित कार्यवाही सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने सीएम



हेल्प लाइन प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए बिना फॉलोअप दर्ज किये लेबल-1 अधिकारी से उच्च लेबल पर पहुंची शिकायतों को लेकर नाराजगी व्यक्त की है तथा सभी अधिकारियों को 200 रूपये प्रतिशिकायत अर्थदण्ड आरोपित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को त्वरित रूप से निराकृत करने के निर्देश दिये हैं। बैठक में कलेक्टर सुश्री जैन ने अनुभागवार राजस्व प्रकरणों के निराकरण प्रगति की भी समीक्षा करते हुए फार्मर रजिस्ट्री में कार्य न करने वाले पटवारियों को अवैतनिक करने के निर्देश सभी एसडीएम को दिये हैं साथ ही फॉर्मर रजिस्ट्री के प्रचार-प्रसार के लिए भी निर्देशित किया है।

कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने राजस्व अधिकारियों को शासकीय ग्रामीण तालाबों के सर्वे तथा वैटलेंड के सीमांकन कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये हैं। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन हितग्राहियों को जोड़ने के लिए चलाये जा रहे सर्वे प्रगति की समीक्षा कर सभी 635 पंचायतों में शतप्रतिशत हितग्राहियों का डोर टू डोर सर्वे कर पात्र हितग्राहियों को चिन्हांकित करते हुए पात्रता सूची में जोड़ने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर सुश्री जैन ने पात्र हितग्राहियों को खाद्यान्न आवंटन एवं वितरण में लापरवाही पाये जाने को लेकर जिला आपूर्ति अधिकारी तथा जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति निगम को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं साथ ही जिला परिवहन अधिकारी को वाहनों पर की जा रही कार्यवाही का प्रतिवेदन साप्ताहिक बैठक में प्रस्तुत न करने को लेकर नोटिस जारी किया गया है।

कलेक्टर सुश्री जैन ने जिले में 31 मार्च की स्थिति में शत-प्रतिशत एकल नलजल योजनाओं कार्यों को पूरा करने के लिए पीएचई विभाग द्वारा कराए जा रहे कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा कर विस्तृत दिशा-निर्देश दिये गये। कलेक्टर सुश्री जैन ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को स्कूल चले अभियान का मैदानी स्तर पर सफल क्रियान्वयन करते हुये शतप्रतिशत पात्र बच्चों को स्कूलों में पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं।

# शनि दरबार में श्री राधा कृष्ण मंदिर का भूमि पूजन आज

घंसौर / शनि दरबार घंसौर में होने वाले नवनिर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर के भूमि पूजन का भव्य कार्यक्रम आज 6 मार्च दिन गुरुवार को रखा गया है इस ऐतिहासिक श्री राधा कृष्ण मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में दंदरौआ सरकार के परम पूज्य गुरुदेव पवन शास्त्री जी महाराज एवं पंडित अशोक मिश्रा के सानिध्य में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती दीप माला. सुभाष यादव एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति के वरिष्ठ शेर सिंह यादव. श्रीमती मालती यादव के द्वारा ऐतिहासिक एवं भव्य मंदिर निर्माण हेतु नींव की आधारशिला के साथ ही विधि विधान से पूजन



अर्चन किया जाएगा.. बड़े ही हर्ष का विषय है कि समूचे सिवनी जिले का यह एकमात्र ऐतिहासिक एवं भव्यता के साथ निर्मित होने वाला मंदिर नगर घंसौर को भी एक नई पहचान और ऊंचाइयां प्रदान करेगा भूमि पूजन के कार्यक्रम की तैयारी पूर्ण पूर्ण हो चुकी है समूचे घंसौर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में भी समिति के सदस्यों के माध्यम से आमंत्रण एवं निमंत्रण कार्ड वितरित किए गए हैं वहीं दूसरी और देखा जाए तो दानदाताओं की लंबी कतारे लगी हुई है. लोगों में नवनिर्मित होने वाले राधा कृष्ण मंदिर के प्रति उत्साह देखा जा रहा है. श्रद्धालुजनो एवं भक्तजनों के द्वारा बढ़ चढकर मंदिर निर्माण हेतु श्री राधा कृष्ण मंदिर निर्माण समिति को दान दिया जा रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार इस ऐतिहासिक एवं भव्य श्री राधा कृष्ण मंदिर की अनुमानित लागत एक करोड़ 30 लाख होगी एवं मंदिर निर्माण में लगभग दो से ढाई वर्ष लगेंगे. भव्य भूमि पूजन के आयोजन में श्री शनि देव मंदिर समिति. एवं श्री राधा कृष्ण मंदिर समिति ने विनम्र आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में आज 6 मार्च दिन गुरुवार को सुबह 9:00 से दिन के 12:30 तक शुभ मुहूर्त में शनि दरबार में पहुंचकर इस भव्य आयोजन के साक्षी बने एवं पुण्य लाभ अर्जित करें..

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना अंतर्गत 12 मार्च तक किये जा सकते हैं आवेदन युवाओं को इंटर्नशिप के दौरान मिलेगा स्टाइपेंड

सिवनी। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के द्वितीय चरण के तहत ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 12 मार्च 2025 है। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के द्वितीय चरण के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में एक लाख पच्चीस हजार युवाओं को देश की शीर्ष 500 कंपनियों में इंटर्नशिप प्रदान करने का लक्ष्य रखा गया हैं। योजना के अंतर्गत एक वर्ष की इंटर्नशिप अवधि में प्रतिमाह 5000 रूपये का स्टाइपेंड दिया जायेगा एवं इंटर्नशिप प्रशिक्षण प्रारंभ करने पर 6000 रूपये एकमुश्त दिये जायेंगे। जिन अभ्यर्थियों ने हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, आईटीआई एवं पॉलिटेक्निक संस्थान से डिप्लोमा या स्नातक किया हैं तथा जिनकी आयु 21 से 24 वर्ष हो उन युवाओं द्वारा ऑनलाईन आवेदन 12 मार्च 2025 तक किए जा सकेंगे तथा वे सभी **www.pminternship.mca.gov.in** पोर्टल पर स्वयं निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त इच्छुक युवा रोजगार कार्यालय अथवा शासकीय आईटीआई सिवनी में उपस्थित होकर भी अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

# डीपीसी महाविद्यालय में 50 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

डीपीसी महाविद्यालय में 6 मार्च को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्राचार्य डाक्टर अमिता चतुर्वेदी डाक्टर के.के.चतुर्वेदी की उपस्थिती में 50 लोगो ने रक्दान किया ज्ञातव्य है कि पंडित डीपी चतुर्वेदी की जयंति के अवसर पर वृद्धाश्रम में वृद्धो को भोजन भी कराया गया तत्पश्चात रक्तदान शिविर का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर डाक्टर अमिता चतुर्वेदी ने बताया कि जीवन में रक्त का विशेष महत्व है यह बाजार से नही खरीदा जा सकता। रक्तदान महादान है जिससे




लोगो का जीवन बचाया जा सकता है प्रतिदिन होने वाली दुर्घटनाओ के दौरान लोगो रक्त की आवश्यकता पडती है जिसकी पूर्ति इस तरह के शिविर के माध्यम से की जाती है इस आयोजन में शामिल सभी रक्तदानदाताओ को शुभकामनाये देते हुए बताया गया कि मानव शरीर में रक्तदान करने से नये रक्त का संचार होता है तथा रक्तदान से किसी प्रकार से कमजोरी नही आती। आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं छात्र - छात्राओ का विशेष योगदान रहा।

### मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना अंतर्गत प्रशिक्षण प्रांरभ

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** उपसंचालक मत्स्योद्योग सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन द्वारा मत्स्य व्यवसाय को बढावा देने के लिये मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना नवाचार के रूप में लागू की गई है। इस योजना अंतर्गत मत्स्य सहकारी समिति, मछुआ समूह के सदस्य तथा व्यक्तिगत मछुआरों को ग्रामीण तालाबो में मत्स्यबीज संवर्धन, मत्स्य उत्पादन एवं झींगा पालन विषय पर तीन दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण दिये जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत सिवनी जिले के 39 मछुआ हितग्राहियों को मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्योत्पादन, ग्रामीण तालाब में मत्स्यबीज संबर्धन तथा झींगा पालन का तीन दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण शासकीय मत्स्यबीज प्रक्षेत्र जेवनारा बरघाट में दिनांक 04 मार्च से प्रारंभ किया गया है। उप संचालक मत्स्योद्योग सिवनी श्री के.एल.मरावी के द्वारा उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं मछुआरों को योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। श्री रजनीश कुशराम मत्स्य निरीक्षक एंव श्री नरपत चौधरी मत्स्य विशेषज्ञ के द्वारा मत्स्य बीज उत्पादन तथा झींगा पालन से संबधित जानकारी प्रशिक्षणार्थियों को दी गई। प्रशिक्षण के शुभांरभ अवसर पर श्रीमती गायत्री ठाकुर सभापति कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत, श्री दुपेन्द्र (लक्की) अमूले सदस्य जिला पंचायत सदस्य, श्री सतीश कुमार सरयाम सदस्य कृषि स्थायी समिति जिला पंचायत तथा अध्यक्ष जनपद पंचायत बरघाट के पति श्री जितेन्द्र राहंगडाले उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों को पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत कराया पेंच भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस सिवनी की इको-क्लब इकाई के माध्यम से ऐप्को द्वारा संचालित पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम 2025 के अंतर्गत महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं में अध्यनरत विद्यार्थियों को पेंच नेशनल पार्क भ्रमण कराया गया। उक्त कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. रवि शंकर नाग के संरक्षण में एवं इको क्लब प्रभारी डॉ. पूनम अहिरवार के मार्गदर्शन में संचालित किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रकृति को नजदीक से समझने का अवसर प्रदान करने के साथ-साथ पर्यावरण, वन्य जीव संरक्षण, अपनी जिले की जैव-विविधता को समझने एवं उसके संरक्षण हेतु प्रेरित करना रहा। पेंच



नेशनल पार्क भ्रमण के दौरान वन विभाग के फॉरेस्ट रेंज अधिकारी श्री राहुल उपाध्याय द्वारा पेंच नेशनल पार्क की भौगोलिक स्थिति उसका इतिहास उसके अंतर्गत आने वाले कोर जोन, बफर जोन की जानकारी के साथ-साथ पार्क में पाई जाने वाले जीव-जंतु, पेड़ पौधों की विभिन्न प्रजातियों की संख्या एवं उनके संरक्षण के लिए किए जा रहे प्रयासों, प्राकृतिक बांध बनाने के तरीकों की जानकारियां विद्यार्थियों के साथ साझा की गई। श्री उपाध्याय द्वारा विद्यार्थियों से वन्य जीव संरक्षित रखने में सहभागिता करने की अपील भी की गई।

### ग्राम पंचायत अंजनिया का मामला

# फर्जी हाजरी भर कर निकाले दस लाख रूपये

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ललिता रावेन शाह अपने जिला पंचायत क्षेत्र में भ्रमण के दौरान शिकायत मिली थी कि ग्राम पंचायत अंजनिया में मनरेगा से कराए जाने वाले खेल मैदान समतली करण परकुलेशन टैंक का निर्माण कार्य नहीं कराया गया है।

और दोनों निर्माण कार्यों से लगभग 10 लाख रुपए की राशि निकल लिया गया जिस पर जिला पंचायत सदस्य ललित रावेन शाह? जिला पंचायत मु य कार्यपालन अधिकारी को मनरेगा से कराए जाने वाले निर्माण कार्य में हुए भ्रष्टाचार की जांच करने और दोषियों को स त कार्रवाई करने के लिए पत्र लिखा था मु य कार्यपालन अधिकारी ने किया जांच पर स्पष्ट नहीं बता रहे हैं क्या भ्रष्टाचार हुआ है या नहीं । जिला पंचायत सदस्य ने मनरेगा



योजना अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्य के गबन की सूक्ष्मता से जांच करा कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने शिकायत पत्र लिखा है कि जिला पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत अंजनिया में शासन की योजना अंतर्गत अंजनिया नाग देवता के पास मैदान समतलीकरण कार्य की स्वीकृति प्राप्त की गई है वित्तीय वर्ष 2023 24 में एवं इसके पूर्व में इस जगह पर वर्ष 2022-23 में परकुलेशन टैंक निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था उक्त स्थान पर आज दिनांक तक कार्य अपूर्ण है एवं दोनों निर्माण कार्य की फर्जी हाजिरी से लगभग 10 लाख रुपए निकासी कर लिया गया है ऐसा ही इसी पंचायत के ग्राम भारिया टोला चंडी प्राथमिक शाला में मैदान समतलीकरण कार्य की स्वीकृति प्राप्त की गई है जिसमें ग्रामीणों ने बताया है कि बिना कार्य हुए फर्जी हाजिरी से लगभग चार लाख रूपए निकाल दिए गए हैं गांव वालों से जानकारी प्राप्त हुई है कि मैदान पर कोई कार्य नहीं किया गया है तथा तीनों निर्माण कर प्रारंभ भी नहीं हुए हैं और लगभग 14 लाख रुपए की राशि आहरित की जा चुकी है इस भयानक भ्रष्टाचार से ग्रामीणों में भारी आक्रोश है अंजनिया के नाग देवता के सामने परकुलेशन टैंक और मैदान समतलीकरण कार्य एक स्थान पर स्वीकृत करना नियम विरुध है और शासन की मंश के खिलाफ है प्रशासन की घोर लापरवाही और साठ गांठ से जानबूझकर किया गया कृत्य है जो शासन की मंशा के विपरीत है इस संबंध में उपयंत्री तकनीकी अमला एवं पंचायत प्रशासन की मिली भगत से यह भ्रष्टाचार किया गया है । जांच में अधिकारी स्पष्ट जानकारी देने से बच रहे ।

# वन अपराध रोकथाम एवं सुरक्षा पर नये वन रक्षको की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**हरिभूमि न्यूज I सिवनी।** राजीव गांधी प्रशिक्षण संस्थान लखनादौन। उत्तर वन मंडल सिवनी में वन मंडल अधिकारी महेंद्र उइके के निर्देशन में वन अपराध रोकथाम एवं वन सुरक्षा को लेकर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। संयुक्त वन मंडल अधिकारी गोपाल सिंह की उपस्तिथी में इस कार्यक्रम में दक्षिण वन मंडल अधिकारी गौरव मिश्रा ने वन अपराधों की रोकथाम, वन अधिनियम के प्रावधानों और वन अपराध की प्रारंभिक सूचना (पीओआर) जारी करने की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला।

उन्होंने बताया कि एक सच्चा वन रक्षक वही होता है जो अपराध होने से पहले ही उसे रोकने में सक्षम हो। कार्यशाला में मुख्य वक्ता प्रशिक्षु आईएफएस रमेश चंद मीना ने वन सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की और कई उदाहरण प्रस्तुत किए। उन्होंने जोर देकर कहा कि जंगल, जमीन और वन्यजीवों की सुरक्षा प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए। साथ ही, उन्होंने स्थानीय मुख्यालयों में निवास और दूरभाष संपर्क को सार्वजनिक किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया ताकि नागरिकों को वन सुरक्षा संबंधी जानकारी आसानी से उपलब्ध हो सके। सेवानिवृत्त वन संरक्षक एम. एस. खान, वन परीक्षेत्र अधिकारी उत्तम मिश्रा (लखनादौन), सिद्धार्थ तिवारी (धुमा), सागर श्रीवास्तव (कहानी), रुचि पटेल (शिकारा) और शरद सिंह (छपारा) सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी इस कार्यशाला में उपस्थित रहे। उन्होंने संयुक्त वन प्रबंधन एवं वन अपराध नियंत्रण के विभिन्न उपायों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के दौरान वन सुरक्षा को और प्रभावी बनाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए गए, जिससे वन विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक सशक्त बनाया जा सके।

# 85 वर्षीय कृष्ण कुमार जैसवाल को वरदान नेत्रालय में मिली नई रोशनी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगर के बुधवारी बाजार निवासी 85 वर्षीय कृष्ण कुमार जैसवाल का वरदान नेत्रालय में सफल इलाज किया गया है। कृष्ण कुमार, शहर के सम्मानित नागरिक विनीत जैसवाल के पिताजी हैं। विनीत ने बताया कि उन्होंने अपने पिताजी को छिंदवाड़ा में दिखाया था, जहां उन्हें जटिल मोतियाबिंद और छोटी पुतली की बीमारी बताई गई थी। डॉक्टरों ने ऑपरेशन में कई जटिलताओं की आशंका जताई थी। कृष्ण कुमार की दोनों आंखों में मोतियाबिंद इतना बढ़ गया था कि उन्हें लगभग कुछ भी दिखाई नहीं देता था। उन्हें नागपुर या जबलपुर जाकर ऑपरेशन कराने की सलाह दी गई थी।

विनीत ने जब अपने पिताजी को वरदान नेत्रालय अनमोल रेसिडेंसीय के सामने आशीर्वाद पैलेस हीरो एजेंसी के पीछे, ज्यारत नाका सिवनी में डॉ. आशीष ढगे को दिखाया, तो उन्होंने भी काला मोतियाबिंद और पुतली छोटी होने की बात कही। लेकिन डॉ. ढगे की कुशल ऑपरेशन पद्धति के कारण, जिसमें पुतली को फैलाने वाले हुक्स का इस्तेमाल किया गया। पहले दाईं आंख का और तीन हफ्ते बाद पिछली शुक्रवार को बाईं आंख का



ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। 85 वर्षीय कृष्ण कुमार, जिन्हें कूल्हे के जोड़ों में भी तकलीफ है, नई रोशनी पाकर बेहद खुश हैं। अब उन्हें बिना चश्मे के भी काफी साफ दिखाई देता है और उन्हें अपनी दिनचर्या में किसी सहारे की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने अपने बेटे के फैसले की सराहना की, जिन्होंने उन्हें सही डॉक्टर आशीष ढगे से इलाज करवाकर नया जीवन दिया।

## भरवेली थाना में मामला दर्ज, पुलिस की एफआईआर पर सवाल..?

# फर्जी रजिस्ट्री करने वाले की जनसुनवाई में शिकायत





प्रति,
श्रीमान कलेक्टर महोदय,
जन सुनवाई केन्द्र कार्यालय कलेक्ट्रेट बालाघाट
आवेदन पत्र वास्ते मेरे पति से पुलिस थाना भरवेली, पुलिस थाना लालबर्रा एवं एसडीओपी पुलिस थाना वारासिवनी द्वारा जबरन दबाव देकर प्रताड़ित कर मेरे पति द्वारा बताये गये कथनों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने के संबंध मे त्वरित जाँच एवं कार्यवाही किए जाने बाबद।
आवेदिका :- श्रीमती धनवंती बनोटे पति श्री सुरेन्द्र बनोटे जाति लोधी निवासी वार्ड नं.03 ग्राम टवेझरी तह. जिला बालाघाट.......
आवेदिका निम्नानुसार निवेदन करती है :-
1- यह कि आवेदिका उपरोक्त वर्णित स्थान की स्थायी निवासी है।
2- यह कि सुरेन्द्र बनोटे आवेदिका का पति है, जिन्हे दिनॉक 28.02.2025 को दिन के 3.00 बजे पुलिस थाना लालबर्रा से फोन आया

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पति के गले पर चाकू रख कर पत्नि से कराई जमीन की रजिस्ट्री कराने का आरोप लालबर्रा के रवि गिरीश पाठक पर महिला ग्राम टवेझरी निवासी धनवंती बनोटे ने लगाते हुए लालबर्रा थाना, भरवेली थाना, पुलिस अधीक्षक, आईजी बालाघाट और जिला पंजीयक कार्यालय को देकर रवि पाठक, गिरिश पाठक इलु नागोत्रा, अशरफ अली, फईम खॉन, अमित लिल्हारे, भूरु भाईजान व अन्य साथी पर कार्यवाही की मांग की थीं जहां भरवेली पुलिस ने सुरेन्द्र बनोटे की शिकायत पर धारा-127(2), 296, 115(2) 351(3), 3/5 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है। लेकिन शिकायतकर्त्ता ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि उन्होंने बताएं कथन के तहत एफआईआर दर्ज नहीं किया गया है इसलिए कलेक्टर मृणाल मीणा को जनसुनवाई में शिकायत दी है कि हमें हमारी जमीन की दर्जी रजिस्ट्री के मामले में निष्पक्ष जांच कर न्याय दिलावे।

शिकायत कर्त्ता धनवंती बनोटे, निवासी टवेझरी ने बताया कि सुरेन्द्र बनोटे आवेदिका का पति है, जिन्हे दिनॉक 28 फरवरी 2025 को लालबर्रा थाना से फोन आया कि आप लालबर्रा थाना मे आकर अपनी एफआईआर दर्ज कराओ। उसके पश्चात मेरे पति द्वारा कहा गया कि मै अपनी पत्नि से पुछकर बताता हूँ। फिर शाम को लालबर्रा टीआई एवं एसडीओपी वारासिवनी अभिषेक चौधरी का फोन आया कि आप जल्दी से थाना भरवेली पहुंचो और कहा कि आपकी सारी बांतो को सुनकर ही एफआईआर दर्ज की जायेगी। जिसके पश्चात मेरे पति एवं मेरा भतीजा विश्वजीत बनोटे अपनी गाड़ी से रात 8 बजे थाना भरवेली पहुंचे, जहां मेरे पति ने सारी घटनायें बतायी, इसके उपरान्त भी एसडीओ साहब द्वारा मेरे पति को कहा गया कि आपके नाम पर 20-22 आपराधिक मामले चल रहे है और आप जो कहानी बता रहे हो वह मनगढंत कहानी है, आपकी एफआईआर इस तरह नही होगी, आपको हमारे अनुसार एफआईआर दर्ज करनी होगी, वरना आपके खिलाफ उल्टी कार्यवाही हो जाएगी। मेरे पति को थाना लालबर्रा मे बार-बार फोन करके बुलाया जा रहा है कि स्थल जॉच किया जाना है और रिपोर्ट तैयार की जानी है एवं सुरेन्द्र बनोटे के बयान लिए जाने है, इससे मुझे आशंका हो गई है कि कहीं मेरे साथ कोई अनहोनी न हो जाए और मेरे पति को जोर जबरदस्ती कर उससे झूठी एफआईआर मे दस्तखत करवा सकते है।

आरोपियों को बचाने में पुलिस

उन्होंने कहा बताया कि मेरे पति ने अपने वकील को यह एफआईआर की कापी दिखाई गई तो वकील साहब द्वारा बताया गया कि आरोपीयों को पुलिस प्रशासन द्वारा बचाया जा रहा है, जबकि मामला अपहरण, धोखाधड़ी, बलवा वाले अपराध दर्ज होना चाहिए, वरन पुलिस प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता मे न लेते हुए फर्जी ढंग से दबाव देकर मेरे पति के नाम की एफआईआर दर्ज कर मामले को कमजोर किया जा रहा है, जिसमें यह प्रतीत होता है कि तीनों अधिकारी अपराधियों से मिलकर हमारे मामले को एक अलग दिशा में ले जाने की कोशिश कर रहे है, जिससे मै तथा मेरा पति अत्यधिक मानसिक रूप से परेशान है। शिकायत की गई है कि मेरे पति का लालबर्रा में अपहरण कर चाकू गले मे टिकाकर शिकायत की गई है। जिसकी त्वरित जॉच कराकर शिकायतकर्ता को न्याय मिल सके, इसके अलावा मेरे पति को इन अधिकारियों के द्वारा यह भी कहा गया है कि तेरे साथ किसी भी समय कुछ भी हो सकता है, तू इसके लिए तैयार रहना, ऐसा सुनकर मै एवं मेरे पति अत्यधिक डर गये है तथा जबरदस्ती दर्ज करायी गई एफआईआर से हम संतुष्ट नही है।

### यह हैं पुलिस की एफआईआर रिपोर्ट

सुरेन्द्र बनोटे जमीन खरीदने बेचने और प्रापर्टी का काम करता हूं, मेरा लालबर्रा के रहने वाले रवि पाठक से पिछले दो साल से भूमि संबंधी मामला चल रहा था जिसमें रजिस्ट्री न होने से मुझको रवि को 23 लाख रुपये वापस लौटाने थे। हमारे पास कुछ भूमि लालबर्रा स्थित औलियाकन्हार बस्ती में भी है तो अशरफ अली और अमित लिल्हारे ने मुझे सुझाव दिया कि लालबर्रा के प्लाट में से 23 लाख रुपये के एवज में रवि पाठक को रजिस्ट्री कराकर मैटर खत्म कर दो तो मैं दिनांक 09/02/2025 को अशरफ अली, उसके लड़के अयान अली, फईम खान और मेरे रिश्तेदार अमित लिल्हारे के साथ रवि पाठक को अपने प्लाट दिखाने के लिये अशरफ अली की बलैनो कार से लालबर्रा गया था। लालबर्रा में औलियाकन्हार पुहंचकर प्लाट पर रवि पाठक को बुलाया था जो आया लेकिन नगद पैसा देने की बात पर अश्लील गालियां देने लगा मैनें गालियां देने से मना किया तो रवि पाठक और ईलू नागौत्रा ने मिलकर जमकर मारपीट की गई। जहां मेरे बडे भाई गिरधारी लालबर्रा आ गये जहां हमारी बैठकर मैनें मेरी पत्नी के नाम से ग्राम मानेगांव भरवेली में 90 डिसमिल भूमि की रजिस्ट्री रवि पाठक को करना तय हुआ जिसमें जमीन का बढ़ा भाव होने से मुझे 19 लाख नगद में रवि पाठक को देना तय हुआ था और मुझे लालबर्रा की होटल अवध में रखा गया। अगले दिन मैं परेशान होकर मैनें मेरी पत्नी धनवंती बनौटे को फोन पर रवि पाठक को रजिस्ट्री करने का बोला जो कर दी गई। रजिस्ट्री के बाद मुझे रवि पाठक ने नगद में राशि न देकर अपने पिता गिरीश पाठक के नाम के तीन चेक मेरे नाम के दे दिये थे। रवि पाठक और ईलू नागौत्रा व अन्य ने मुझे धमकाया, रोक कर रखा, मेरे साथ मारपीट किया और मुझे जान से मारने की धमकी दिया है मैं इनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही चाहता हूं।

## कांग्रेस ने मांगा मंत्री प्रहलाद पटेल का इस्तीफा



### 6 मार्च को ब्लॉक स्तर, 8 मार्च को जिला स्तर और 10 मार्च को राज्य स्तर पर प्रदर्शन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में मंत्री प्रहलाद पटेल के विवादित बयान पर सियासी बवाल मच गया है। मंत्री ने मांग पत्र लेकर आने वालों को भीख मांगने वाला बताया था। इस बयान की कांग्रेस ने कड़ी निंदा की है।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष और विधायक संजय उईके ने कहा कि जनता ही राजनीतिक दलों को सत्ता तक पहुंचाती है। जनता की मांगों को भीख कहना उनका अपमान है। कांग्रेस ने आंदोलन का एलान किया है। 6 मार्च को ब्लॉक स्तर पर, 8 मार्च को जिला स्तर पर और 10 मार्च को राज्य स्तर पर प्रदर्शन होगा।

लोधी समाज से आने वाली विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को सभी समाज का प्रतिनिधि होना चाहिए। समाज की मांगों को भीख बताना अपमानजनक है। विधायक मधु भगत ने कहा कि कांग्रेस सड़क पर उतरकर मंत्री का इस्तीफा मांगेगी।

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। जनता की मांगों को भिक्षा कहना दुखद और निंदनीय है। सभी कांग्रेसी नेताओं ने कैबिनेट मंत्री की कड़ी निंदा की है।

## वन नेशन वन राशन स्कीम में राशन पाने वाले हितग्राहियों का भी सत्यापन किया जाएगा

**बालाघाट।** जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के द्वारा राशन प्राप्त करने वाले ऐसे हितग्राही जो लंबे समय से सतत राशन प्राप्त नही कर रहें है। वहीं जो व्यक्ति राशन प्राप्त करने योग्य नहीं है, उनके नाम विलोपित करने के लिए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने बुधवार को खाद्य विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए है। उन्होंने समीक्षा करते हुए पाया कि सभी तहसीलों में लगातार राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियों का अंतर आ रहा है। अगर ये लगातार रूप से राशन नहीं ले रहे है तो उनकी सूची बनाकर विलोपन की कार्यवाही के लिए खाद्य आपूर्ति अधिकारी दल गठित कर नाम हटाने की कार्यवाही करेंगे। इसके अलावा वन नेशन वन राशन योजना में राशन प्राप्त करने वाले हितग्राहियो का भी सत्यापन किया जाएगा।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल



**किरनापुर।** मुख्यालय से करीब 05कि.मी.दूर ग्राम पाला मुर्री के बीच नागदेव मंदिर की मोड़ पर बुधवार दोपहर04बजेतेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर से बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। भागने के चक्कर में ड्राइवर बाइक सवार दोनों युवकों के पैर को कुचलते हुए निकल गया। घायल हुए दोनों लांजी बड़गांव निवासी विकास/विदेश दांदरे(18) बाइक में जोशी /रामप्रसाद पांचे (25)के साथ बुधवार दोपहर बालाघाट कैमरे के आर्डर के लिए जा रहे थे। व किरनापुर से हट्टा रोड पर पाला नागमाता मंदिर पहुंचे ही थे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर से दोनों उछलकर सड़क पर गिर पड़े। इसके बाद भी ड्राइवर ने ट्रक की रफ्तार कम नहीं की। ट्रक अमित के पैर को कुचलते हुए निकल गया। हादसा देख अफरा- तफरी मच गई। किरनापुर के आरक्षक कैलाश मेश्राम के मुताबिक दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार कर दोनों घायलों को गोंदिया हॉस्पिटल रिफर किया गया।ट्रक ड्राइवर की तलाश जारी है । तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लंबित बकायादारों पर उठाये जाएंगे सख्त कदम-सीएमओ

## नगर पालिका में 8 मार्च को नेशनल लोक अदालत

### संपत्ति व जलकर में बकायादारों को मिलेगा विशेष लाभ

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च किया जाना है। जिले के न्यायीक खंडपीठों के साथ ही तहसील, श्रम एवं कुटुम्ब न्यायलय के अलावा नगर पालिका परिषद में भी लोक अदालत आयोजित होगी। सीएमओ बालाघाट ने बताया कि लोक अदालत में नगरपालिका द्वारा सम्पत्ति कर एवं जलकर के बकायादारों के लिये नियमानुसार अधिभार में श्रेणीबद्ध छूट का विशेष लाभ दिया जायेगा। न्यायिक खण्डपीठों के अलावा नगर पालिका में भी मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार नेशनल लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को होगा। जिसमे आपसी राजीनामा के आधार पर एकमुश्त राशि पर अधिभार में नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी।

सम्पत्तिकर और जलकर के अधिभार में मिलेगी छूट

नपा द्वारा लोक अदालत में बकायादारों को सम्पत्ति एवं जलकर की बकाया राशि जमा करने पर नियमानुसार अधिभार में छूट प्रदान की जायेगी। जिसके तहत सम्पत्तिकर में 50 हजार रूपये तक 100 प्रतिशत की छूट, 50 हजार से 1 लाख तक 50 प्रतिशत तथा 1 लाख से अधिक बकाया होने पर 25 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। इस प्रकार जलकर में 10 हजार रूपये तक 100 प्रतिशत की छूट, 10 हजार से अधिक तथा 50 हजार रूपये तक 75 प्रतिशत वैसे ही 50 हजार से अधिक बकाया होने पर 50 प्रतिशत की अधिभार में छूट करदाताओं को दी जायेगी। बताया गया कि यह छूट मात्र एक बार वन टाईम सेटलमेंट पर तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 तक की बकाया राशि पर ही देय होगी।

लंबित बकायादारों पर उठाये जाएंगे सख्त कदम-सीएमओ

नपा सीएमओ बीडी कतरोलिया ने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति पर है और शासन के नियमानुसार दी जाने वाली छूट का लाभ लंबित बकायादार ले सकते है। नपा कार्यालय में वार्ड प्रभारियों के माध्यम से पृथक-पृथक टेबल पर राजस्व करों के भुगतान के लिये लोक अदालत की व्यवस्था रहेगी जहां समझौता योग्य सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण आपसी सामंजस्य से किया जा सकेगा। सीएमओ ने कहा कि नपा द्वारा राजस्व करों की वसूली के लिये प्रयास किये जा रहे है लेकिन अब भी कई बड़े बकायादारों द्वारा राजस्व कर भुगतान में रूचि नहीं दिखाई जा रही है। लोक अदालत में भी ऐसे बकायादारों के नहीं पहुंचने पर आगामी दिनों में अधिक राशि लंबित रहने वाले करदाताओं के विरूद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। उनके नामों को सार्वजनिक करने की कार्यवाही की जायेगी साथ ही राजस्व वसूली के लिये सम्पत्ति, दुकानें सील करने की कार्यवाही भी हो सकेगी। इसके अलावा समाचार पत्रों में बकायादारों के नामों का प्रकाशन भी किया जायेगा। किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिये लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की गई है।

## राज्य स्तरीय शिक्षक/कर्मचारी बैडमिंटन प्रतियोगिता नीमच में आज से

**वारासिवनी।** मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर अनुसार राज्य स्तरीय शिक्षक/कर्मचारी बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नीमच में 06 मार्च 2025 से किया जा रहा हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शासकीय शंकरसाव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के सहायक प्राध्यापक डॉ सत्यशील गेड़ाम का चयन हुआ हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए श्री गेडाम नीमच के लिए रवाना हो गए हैं। ज्ञात हो कि जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता बालाघाट एवं संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता बैतूल में श्री गेडाम द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया था। जिसके आधार पर उनका चयन राज्य स्तरीय शिक्षक/कर्मचारी बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ हैं। इनके चयन पर महाविद्यालय जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन एवं समस्त जनभागीदारी सदस्यगण, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ हेमंत कुमार मंडाले एवं महाविद्यालय परिवार के समस्त सदस्यगण ने बधाइयां एवं प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाये दी है।

## कायदी पंचायत के सरपंच के समर्थन में आए ग्रामीण

### कलेक्टर से कहा- विकास कार्य रोकना चाहते हैं उपसरपंच और पंच

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट की ग्राम पंचायत कायदी में सरपंच और उपसरपंच के बीच विवाद गहराता जा रहा है। बुधवार को सरपंच रेखा नगरगढ़े के समर्थन में बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर उपसरपंच धरम सिंह राजपूत और अन्य पंचों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि उपसरपंच और कुछ पंच पंचायत के विकास कार्यों में जानबूझकर बाधा डाल रहे हैं।

3 मार्च से उपसरपंच और कुछ पंच जिला पंचायत कार्यालय के सामने क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे हैं। वे सरपंच पर निर्वाचित प्रतिनिधियों की उपेक्षा करने और सरपंच पति के पंचायत में अनुचित हस्तक्षेप का आरोप लगा रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि इस विवाद के कारण पंचायत के विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है, जिससे वे पलायन करने को मजबूर हैं। ग्रामवासी रामेश्वरी नगरगढ़े ने बताया कि वे चाहते हैं कि मनरेगा के तहत मजदूरों को 100 दिन का पूरा रोजगार मिले।

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि विकास कार्यों में बाधा डालने वाले उपसरपंच और पंचों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए, ताकि पंचायत के विकास कार्य सुचारु रूप से चल सकें और आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े।

## यात्री प्रतीक्षालय में सुविधाओं की कमी

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तहसील मुख्यालय कटंगी में स्थित बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय में तमाम बुनियादी सुविधाओं का अभाव है. जिस कारण राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. कटंगी से हर दिन करीब 50 से भी अधिक यात्री बसों का महानगरों से लेकर ग्रामीण अंचलों तक परिचालन होता है. ऐसे में एक अनुमान के मुताबिक हर दिन करीब 5 सौ से भी अधिक यात्री आवागमन करते है जो बस स्टैंड के प्रतीक्षालय में बैठकर यात्री बसों का इंतजार करते है. जहां सुविधाओं की कमी के कारण उन्हें काफी परेशान होना पड़ता है. इन दिनों गर्मी का मौसम है और प्रतीक्षालय में राहगीरों को सबसे ज्यादा जरूरत पीने के पानी की होती है. लेकिन प्रतीक्षालय में लगी वॉटर कूलिंग मशीन बंद पड़ी है. इसमें करीब 06 माह से पानी नहीं आ रहा है. जिसके चलते यात्रियों को बोतल बंद पानी खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है. बस एजेंट बब्लु मेमन ने बताया कि यात्री प्रतीक्षालय की समस्याओं को लेकर एक नहीं बल्कि कई बार नगर परिषद के अधिकारी और कर्मचारियों ध्यानाकर्षण करवाया परंतु आज तक सुधार नहीं हुआ।

## अमर शहीद फतेह सिंह कुडोपा की पुण्यतिथि पर शहादत को याद कर दी गई भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।

सुकमा जिले के जंगल में नक्सलियो की कायराना हरकत का मुहतोड़ जवाब देते हुए 208 कोबरा के 2 जवान 03 मार्च 2016 कोw सिपाही/जीडी फतेह सिंह कुडोपा और सिपाही/जीडी लाजू एन.एस. और 04 मार्च 2016 को एक जवान सिपाही/जीडी लक्ष्मण पूर्ति शहीद हो गए थे। कमांडेंट 208 कोबरा के नेतृत्व में नक्सलियो के विरुद्ध विशेष अभियान में नक्सली हमले में अपनी असाधारण वीरता, कर्तव्यनिष्ठा और अप्रतिम शौर्य का प्रदर्शन करते हुए मातृभूमि की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देकर नक्सलियों के मंसुबो को नाकाम किया था। शूरवीर अमर शहीद फत्ते सिंह कुडोपा की याद में 208 कोबरा की 10वी पुण्यतिथी पर 208 कोबरा के श्री शिवा शंकर यादव सहायक कमांडेंट, उप निरीक्षक संदीप, हेड कांस्टेबल अखंड प्रताप, हेडकांस्टेबल/ड्राइवर कुवेर चंद्रकेतु सिंह और सिपाही/जीडी दीपांकर कोवर के द्वारा शहीद के निवास स्थान कटिया, घंसौर, जिला सिवनी में पहुंचकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया गया। साथ ही शहीद फत्ते सिंह कुडोपा की माताजी को सम्मानित किया गया तथा शहीद फत्ते सिंह कुडोपा की याद में शासकीय



स्कूल कटिया में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मोहित साहू पुत्र श्री सुनील साहू को ट्रॉफी के साथ प्रशस्ति पत्र और नगद धनराशि शहीद फत्ते सिंह कुडोपा छात्रवृत्ति के रूप में भेंट की। साथ ही 123 बटालियन के0 री0 पु0 बल के द्वितीय कमान अधिकारी देवेन्द्र सिंह दुबे, एसडीपीओ श्रीमती आकांक्षा परस्ते, ग्रामीण और स्कूल के छात्रों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि सभा को गौरवान्वित किया तथा शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

शहीद लाजू एन.एस. की याद में उनके निवास स्थान पर 208 कोबरा की तरफ से हेडकांस्टेबल शाजी के. के द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनकी माताजी सम्मानित किया गया। जिसमे विधायक एम विंसेंट, बलरामपुरम पंचायत अध्यक्ष एम. मोहनन, ग्रुप सेंटर पालीपुरम से उप निरीक्षक उन्नी कृष्णन नायर, एनसीसी पेरुम्पाझुटूर पॉलिटेक्निक, कोवलम, उप विभाग पुलिस और अनंतपुरी सीआरपीएफ जवान चैरिटेबल सोसायटी के प्रतिनिधि भी मौजुद रहे ग्रामीण और स्कूल के छात्रों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि सभा को गौरवान्वित किया तथा शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया।

शहीद लक्ष्मण पूर्ति को 208 कोबरा की तरफ से उनके निवास स्थान पर सहायक उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार के द्वारा शहीद लक्ष्मण पूर्ति को श्रद्धांजली अर्पित की गई और उनकी माताजी और पत्नी को सम्मानित किया गया। साथ ही शहीद की याद में एक फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया जिसके विजेता को एक ट्रॉफी के साथ नगद धनराशि दिया गया। जिसमे ग्रुप सेंटर जमशेदपुर से श्री संतोष कुमार सहायक कमांडेंट, 197 बटालियन से उप निरीक्षक शशि भूषण ग्रामीण और स्कूल के छात्रों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि सभा को गौरवान्वित किया तथा शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। साथ ही 208 कोबरा परिसर में श्री प्रमोद चौधरी द्वितीय कमान अधिकारी के साथ अन्य अधिकारियों ने भी शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की और शहीदों की याद में वृक्षारोपण किया गया

### बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 का विरोध, दि बुद्धिस्ट सोसा ऑफ इंडिया जिला शाखा ने दिया ज्ञापन

## बौद्धों को महाबोधी महाविहार के पूर्ण प्रबंधन का अधिकार सौंपा जाने की मांग,समाज में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया जिला शाखा ने बैठक कर बिहार की नीतिश सरकार द्वारा बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 का विरोध करते हुये कहा कि इससे बोद्ध इतिहास को लेकर भ्रम की स्थिति बन रही हैं। बौद्ध पूजा स्थल को दूसरे धर्म के लोगों को सौंपा जा रहा हैं। जो कि ठीक नहीं हैं। हमारी मांग हैं कि बौद्धों को महाबोधी महाविहार के पूर्ण प्रबंधन का अधिकार सौंपा जाये। इस मांग को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि सभी धर्म स्थल में पूजा का अधिकार उनके धर्म या समाज को हैं। ऐसे में बौद्ध धर्म के स्थल में भी बौद्ध पूजन का अधिकार बौद्ध समाज को ही मिलना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जा रहा हैं। इसलिये बिहार की नीतिश सरकार से मांग की जा रही हैं कि वह इस संबंध में संरक्षण प्रदान करे। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि बिहार स्थित बौद्ध धर्म से संबंधित महत्वपूर्ण स्थलों बोधगया, राजगीर, नालंदा आदि के सौन्दर्गीकरण, पटना में बुद्ध स्मृति पार्क, बोधगया में महाबोधी सांस्कृतिक केंद्र जैसे महत्वपूर्ण स्थलों के निर्माण, से कई विकास कार्यों के लिए बौद्ध जगत के साथ ही पूरा देश मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के प्रति धन्यवाद देता है। लेकिन इस बीच मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बिहार के विधायक बोधगया मंदिर अधिनियम 1949, बिहार सरकार द्वारा पारित अधिनियम है। विधायिका के इस अधिनियम के संदर्भ में यह बात पता चली हैं कि आप बुद्धगया महाविहार के प्रबंधन के मामले में संवैधानिक अधिकारों (अनुच्छेद 25 और 26) का उल्लंघन हैं, बोधगया मंदिर अधिनियम 1949 पूरी तरह से संविधान के अनुच्छेद 13 के विरोधी है। इसलिए, हमारा आग्रह हैं कि इस मुद्दे पर ध्यान दें और बौद्धों को महाबोधी महाविहार के पूर्ण प्रबंधन का अधिकार सौंपा जाये। इस अवसर पर धमेंद्र कुरील, महेश सहारे, उम्मेद लिल्हारे, चरनदास ढेंगरे राजकपुर कामडे, रहीम खान,हेमलता डोंगरे,सुधा मेश्राम,लांजी से के भालाधारें,एम के मडामें,पी डी भालाधारें,वारासिवनी से अभिराज मेश्राम, मनोज भालाधरे, धमेन्द्र घोड़ेश्वर,खैरलांजी से कैलाश भोरजार, पृथीराज चोरे,हट्टा से देवानंद रंगारे,विनय मेश्राम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।